हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 23 नवंबर 2024

तापमान

अधिकतम 28.8 डिग्री

न्यूनतम 16.4 डिग्री

13 भू-माफिया के हौसले बुलंद, 6 हजार वर्गफीट शासकीय...



14 रेल मंत्री के स्वागत में स्टेशन चमकाने में जुटा अमला, रायपुर...



# जनरल मेडिसिन, रेडियो डायग्नोसिस, त्वचा रोग की डिमांड, नीट टॉपरों ने उठाई इनकी सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए इस बार त्वचा रोग, रेडियो डायग्नोसिस और जनरल मेडिसिन विभाग की डिमांड है। नीट पीजी में स्टेट कोटे टॉप-10 विद्यार्थियों को इन्हीं विषयों की सीट अलॉट हुई है। सबसे ज्यादा छह सीट जनरल मेडिसिन की उठाई गई है। दस्तावेजों की स्क्रूटनी के साथ एडमिशन का दौर शुरू हो गया है, जो 28 नवंबर तक पूरा होगा।

एमडी-एमएस के एडमिशन के लिए मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को नीट पीजी की मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। इसके बाद गुरुवार को इस सूची के आधार पर 216 लोगों को नौ कालेजों में विभिन्न विषयों में संचालित स्नातकोत्तर सीटों पर एडमिशन के लिए अलॉटमेंट जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार समय के ▶▶शेष पेज 13 पर

### दस्तावेजों की स्क्रूटनी के साथ शुरू हुआ एडमिशन, 28 नवंबर अंतिम तिथि

#### एमडीएस की दर्जनभर सीट, फिर आवेदन

इधर निजी डेंटल कालेजों में खाली पड़ी एमडीएस की दर्जनभर सीटों पर एडमिशन के लिए नया ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया है। इसके लिए अनावंटित के साथ नए पात्र आवेदकों को भी आवेदन करने का मौका दिया गया है। नया आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर तय की गई है। जारी अनुमानित शेड्यूल के अनुसार आवेदन मिलने पर 28 नवंबर यानी एक दिन एडमिशन का वक्त दिया जाएगा।



#### पीजी टॉप टेन को अलॉट सीट

| | |
|---|---|
| जनरल मेडिसिन की | 6 सीट |
| रेडियो डायग्नोसिस की | 2 सीट |
| डर्मेटोलॉजी विभाग की | 1 सीट |
| पीडियाट्रिक विभाग की | 1 सीट |

#### अपग्रेडेशन का मौका नहीं, आने लगी आपत्ति

इस बार विद्यार्थियों को मनपसंद कालेज अथवा सीटें प्राप्त करने के लिए अपग्रेडेशन का मौका नहीं दिया गया है। यानी उन्हें अगले चरण की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए इस बार आवंटित सीट का त्याग करना होगा। इस नियम पर छात्रों और परिजनों के साथ सीजी डाक्टर फेडरेशन ने भी चिकित्सा शिक्षा संचालक के संचालक के सामने आपत्ति दर्ज कराई है। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह का कहना है कि पूर्व में दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए पहले दौर की सीट नहीं छोड़नी पड़ती थी छात्रों के पास पुरानी सीट का एडमिशन रिजर्व में रहता था। नया नियम छात्रों का अहित कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### तालाब में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह कचना तालाब में एक अधेड़ की लाश मिली है। मृतक की उम्र 45 वर्ष के करीब है।



उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। लाश दो-तीन दिन पुरानी है। शरीर में किसी तरह से चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की डूबने से मौत होने की आशंका व्यक्त की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद, मौत किन कारणों से हुई, इसकी पुष्टि हो सकेगी।

### महिला के अकाउंट से दो लाख पार

**रायपुर।** राखी थाने में एक महिला अज्ञात जालसाज के खिलाफ उसके अकाउंट से दो लाख 14 हजार रुपए आहरण कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नवा रायपुर सेक्टर-27 निवासी हुमा




परवेज ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका कोटक महेंद्रा बैंक में अकाउंट है। महिला के अकाउंट में दो लाख 21 हजार रुपए जमा थे। 14 नवंबर को हुमा अपने अकाउंट से पांच हजार रुपए कैश निकाली, तब उसे अपने अकाउंट में जमा रकम किसी अज्ञात द्वारा गलत तरीके से आहरण करने की जानकारी मिली।

### एक माह बाद दर्ज कराई चेन स्नैचिंग की रिपोर्ट

**रायपुर।** कोतवाली थाने में एक व्यक्ति ने अपने साथ हुए चेन स्नैचिंग की एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज कराई है। टैगोर नगर निवासी मोहित चांदे ने चेन स्नैचिंग की शिकायत दर्ज कराई है। मोहित ने पुलिस को



बताया कि 28 अक्टूबर को वह सुबह दूध लेने निकला था। इसी दौरान एक्टिवा सवार एक लड़का मोहित के करीब पहुंचा और उसके गले से 16 ग्राम के करीब सवा लाख रुपए कीमत की सोने के चेन झपट्टा मारकर लूट ली और मौके से फरार हो गया। मोहित ने अपने पिता की स्वास्थ्य खराब होने के साथ ऑफिशियल कार्य की वजह से रिपोर्ट करने में देर होने को कारण बताया है।

### दो बाइक की भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत होने से एक बाइक चालक की मौत हो गई तथा बाइक सवार एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, एक्सीडेंट में मनेंद्र उर्फ




मोनू निषाद की मौत हुई है। मृतक का दोस्त विकास सेन घायल हुआ है। घटना दिनांक को मनेंद्र अपने दोस्त के साथ तिल्दा से काम कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सीजी 04 पीएम 3005 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए मनेंद्र की बाइक को सामने से टक्कर मार दी। बाइक की आमने-सामने टक्कर लगने की वजह से मनेंद्र के सिर पर गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### 50 हजार से अधिक रेल कोच में लगाए जाएंगे कैमरे, चोरी की घटनाओं पर लगेगा अंकुश

# राजधानी-सुपरफास्ट एक्सप्रेस के हर डिब्बे में लगेंगे 6 कैमरे, कैद होंगी अंदर की गड़बड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चलती ट्रेन में होने वाली चोरी, लूटपाट समेत अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अब भारतीय रेलवे ट्रेनों के सभी कोच में 6 कैमरे लगाने वाला है। ट्रेनों में कैमरा लगाने का प्रस्ताव आरपीएफ ने रेलवे मंत्रालय को दिया, जिसे अब मंजूरी मिल चुकी है। देशभर में 50 हजार से अधिक रेल कोच में कैमरे लगाए जाने हैं। इसके लिए रेलवे ने टेंडर प्रक्रिया को लेकर कागजी कार्यवाही शुरू कर दी है। हालांकि, वंदे भारत जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों में पहले ही कैमरे लगाए जा चुके हैं, लेकिन अब शताब्दी, राजधानी, दुरंतो और सुपरफास्ट एक्सप्रेस सहित पैसेंजर ट्रेनों में भी कैमरे लगाए जाएंगे। रेलवे मंत्रालय ने कोच में यात्री सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए यह फैसला लिया है। कैमरे लगवाने की मॉनिटरिंग सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम, क्रिस की होगी। हालांकि, रेलवे स्टेशनों पर कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन कई छोटे स्टेशन ऐसे सुरक्षा कवच से दूर हैं। ट्रेनों में वारदात को अंजाम देकर अपराधी बीच रास्ते ही उतर जाते हैं, जिसके कारण वारदातें अनसुलझी रह जाती हैं। इसीलिए यह फैसला लिया गया है।

### आरपीएफ के प्रस्ताव पर रेल मंत्रालय ने लिया फैसला

#### कैमरे की रिकॉर्डिंग 15 दिन तक रखने के आदेश

जो कैमरे लगवाए जा रहे हैं वह अच्छी क्वालिटी के हैं। दिन और रात में स्पष्ट रिकॉर्डिंग कर सकेंगे। यदि वारदात होती है तो उस दौरान सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग को चेक किया जा सकेगा। इस प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपये का खर्च आएगा। यह कैमरे सिर्फ कोच में नहीं बल्कि रेल गार्ड और लोको पायलट के केबिन में भी लगेंगे, जिससे रेल पटरियों की निगरानी भी रहेगी। ईएमयू और डीएमयू ट्रेनों में भी कैमरों को लगाने की तैयारी है।सीसीटीवी इंस्टाल करने के लिए रेलवे ने कंपनियों से बिड मांगी है। इसके तहत जिस कंपनी का टर्नओवर 1200 करोड़ रुपये बीते तीन वित्तीय वर्ष में होगा वही टेंडर प्रक्रिया में भाग ले सकेगी।



#### एक से दूसरे राज्य में घूमती है फाइल

चलती ट्रेन में वारदात होने के बाद यात्री को इंसाफ दिलाने में काफी देर लग जाती है। यात्री को मुकदमा दर्ज करवाने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ती है। यात्री का सामान या फिर अन्य वारदात होने पर सभी राज्यों की राजकीय रेलवे पुलिस, जीआरपी को जीरो नंबर पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी हैं। वारदात का आंकड़ा न बढ़े, इसलिए एक राज्य की जीआरपी दूसरे राज्य या फिर दूसरे स्टेशन के पाले ही मामला डालने का प्रयास करती है।

#### 25 को टिटलागढ़ और विशाखापट्टनम स्पेशल ट्रेन की नहीं मिलेगी सुविधा

**रायपुर।** रेल मंत्री के दौरे के बीच मंडल के लखोली- रायपुर रेल खंड के बीच तीन पुराने ब्रिज के कायाकल्प का कार्य सहित अनेक कार्यों को किया जाएगा। इस वजह से रेलवे ने शुक्रवार को 4 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है, जिसके कारण 25 नवंबर और 2 व 09 दिसंबर को टिटलागढ़ से चलने वाली 08277 टिटलागढ़ -रायपुर स्पेशल रद्द रहेगी। इसके अलावा 26 नवंबर, 03 व 10 दिसंबर को रायपुर से चलने वाली 08278 रायपुर - टिटलागढ़ स्पेशल रद्द रहेगी। 25 नवंबर, 02 व 09 दिसंबर, 2024 को विशाखापट्टनम से चलने वाली 08528 विशाखापटनम- रईउर स्पेशल, 26 नवंबर, 03 व 10 दिसंबर तक रायपुर से चलने वाली 08527 रायपुर - विशाखापटनम स्पेशल रद्द रहेगी। रेलवे के मुताबिक 25 नवंबर, 02 व 09 दिसंबर को 18530 विशाखापटनम -दुर्ग एक्सप्रेस 03 घंटे देर से रवाना होगी।

# पुलिस गाड़ी में नशा करते युवकों का वीडियो वायरल अफसरों को देनी पड़ी सफाई

- अफसरों का तर्क वीडियो चार-पांच माह पुराना
- पुलिस का दावा जिस गाड़ी में युवक नशा कर रहे थे, वह गाड़ी किराए की थी, ड्राइवर गाड़ी घर ले जाता था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोशल मीडिया में पुलिस गाड़ी में नशा करते वीडियो वायरल होने की खबर ने पुलिस की कुछ समय के लिए मुश्किलें बढ़ा दीं। पुलिस अफसरों को वायरल वीडियो को लेकर सफाई देने के लिए सामने आना पड़ा। पुलिस के अनुसार पुलिस गाड़ी में जिन लड़कों का नशा करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है, वह वीडियो चार-पांच माह पुराना है। उस गाड़ी को किराए पर लेकर पुलिस ने टिकरापारा थाना में अटैच किया था। पुलिस के अनुसार गाड़ी को रात के समय ड्राइवर अपने घर लेकर जाता था।

पुलिस के अनुसार पुलिस गाड़ी में नशा करने वाले युवकों के नाम संजय नगर निवासी अमन, आदिल तथा राजिक हैं, तीनों आपस में मित्र हैं, जिसमें अमन गाड़ी का ड्राइवर है। पुलिस के अनुसार नशा करने का वीडियो आदिल ने बनाया है। आदिल ने नशा करने का जो वीडियो बनाया था, उस वीडियो को आदिल के गाड़ी मालिक का भाई हनी ने अपने फेसबुक प्रोफाइल में अपलोड कर वायरल कर दिया। पुलिस के अनुसार हनी मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है।

### सिगरेट में गांजा जैसा मादक पदार्थ

पुलिस के अनुसार वीडियो बारिश के समय का है, वीडियो में एक लड़का भीगा हुआ दिख रहा है। कथित तौर पर जिस पुलिस गाड़ी में लड़के सिगरेट में नशा करते दिख रहे हैं, पुलिस के अनुसार वह गांजा जैसा मादक पदार्थ हो सकता है। गाड़ी में हूटर लगा होने की वजह से पुलिस गाड़ी के रूप में पहचान हुई है।

# सोना फिर खाने लगा भाव, कीमत 80 हजार पार, चांदी के दाम भी बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोना और चांदी एक बार फिर से भाव खाने लगे हैं। एक सप्ताह में सोने की कीमत में जहां 37 सौ रुपए का इजाफा हुआ है, वहीं चांदी की कीमत भी तीन हजार रुपए बढ़ी है। इसके पहले सोने और चांदी की कीमत ने इस बार दीपावली से पहले कीमत का रिकॉर्ड बनाया और इसके बाद कीमत ने कम होने का ऐसा गोता लगाया है कि पखवाड़े भर में सोना 57 सौ और चांदी की कीमत 11 हजार रुपए कम हो गई थी। ऐसा होने के बाद प्रदेशभर के सराफा बाजार में जहां निवेशक टूट पड़े, वहीं शादियों का सीजन होने के कारण शादियों के लिए भी जमकर खरीदारी हो रही है। जिनके यहां ▶▶शेष पेज 13 पर

### एक सप्ताह में सोना 37 सौ और चांदी की कीमत तीन हजार रुपए बढ़ी



#### बाजार में बूम

राजधानी के साथ ही प्रदेश के सराफा कारोबारियों के मुताबिक सोने और चांदी की कीमत कम ज्यादा होने के बाद भी बाजार में बूम बना हुआ है। प्रदेश में रोज 50 करोड़ का कारोबार होता है। इसमें से करीब 25 करोड़ ▶▶शेष पेज 13 पर

#### कीमत घटी फिर बढ़ने लगी

सोने और चांदी की कीमत दीपावली के पहले रिकॉर्ड बनाने के बाद इस माह नवंबर में पहले लगातार कम हुई। एक सप्ताह पहले शुक्रवार को बाजार बंद होने के एक दिन पहले राजधानी रायपुर में 24 कैरेट सोने के दस ग्राम की कीमत जीएसटी के साथ 76500 रुपए थी। यानी रिकॉर्ड कीमत 82200 से कीमत 57 सौ रुपए कम हो गई थी। इसी तरह से चांदी की कीमत 90500 रुपए हो गई। यानी चांदी की कीमत में 11 हजार की कमी आई थी। इस सप्ताह जब सोमवार को बाजार खुला तो कीमत वापस बढ़ने लगी और अब एक सप्ताह बाद ठीक शुक्रवार को सोना जहां 80 हजार पार होकर 80200 रुपए हो गया है। वहीं चांदी की कीमत 93500 हो गई है।

# सरगुजा में ठंड दिखा रही असर रायपुर में एक डिग्री चढ़ा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पूर्वी हवा लाएगी नमी बस्तर में छाएंगे बादल

उत्तरी हवा का प्रभाव कम होने के बाद भी सरगुजा में ठंड अपना असर दिखा रही है, मगर रायपुर का तापमान अगले चौबीस घंटे में एक डिग्री तक चढ़ गया है। आने वाले दिनों में पूर्वी हवा नमी लेकर आएगी, जिससे तीन-चार दिनों तक ठंड का अनुभव कम होगा। राज्य में ▶▶शेष पेज 13 पर

#### ऐसा रहा रात का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 16.5 | 0 |
| बिलासपुर | 13.6 | -3 |
| पेंड्रा | 9.6 | -3 |
| अंबिकापुर | 8.8 | -3 |
| जगदलपुर | 13.6 | 0 |

#### ऐसा पहली बार

प्रदेश में पिछले दिनों नवंबर में पड़ी ठंड ने दस साल के इतिहास में बदलाव किया है। सरगुजा संभाग में तापमान में लगातार गिरावट से शीतलहर की स्थिति बन गई थी। इसके अलावा रायपुर में भी रात के वक्त ठीक ठाक ठंड पड़ी थी। माह का अंतिम दिन अब सामान्य स्थिति में गुजरने के आसार हैं।

# टेंडर ठेका में गड़बड़ी, दो इंजीनियर सस्पेंड, रिटायर दो के विरुद्ध जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- तेलीबांधा चौक से वीआईपी चौक तक रोड डिवाइडर के सौंदर्यीकरण के लिए दिया गया था ठेका

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा चौक से वीआईपी चौक तक रोड डिवाइडर के सौंदर्यीकरण का ठेका देने में गड़बड़ी किए जाने के मामले में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम रायपुर के इंजीनियर और सब इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया है, वहीं रिटायर हो चुके अन्य दो इंजीनियरों के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा तत्कालीन जोन 10 कमिश्नर दिनेश कोसरिया के विरुद्ध अनुशासनात्मक ▶▶शेष पेज 13 पर

#### कोसरिया के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने के निर्देश

डिवाइडर निर्माण और सौंदर्गीकरण का काम जोन 10 क्षेत्र में हुआ है। पूरा काम तत्कालीन जोन कमिश्नर दिनेश कोसरिया के रहते हुआ था। इस मामले में दिनेश कोसरिया पर आरोप है कि सत्ता पक्ष के नेता व उनके चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए बिना टेंडर निकाले ही यह काम सौंपा था। वर्तमान में कोसरिया नगर पंचायत भोपालपटनम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर पदस्थ है। शासन द्वारा आदेश में तत्कालीन जोन कश्मिनर पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए आरोप पत्र जारी करने कहा है।

#### जांच में आरोप सही मिलने पर कार्रवाई

पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तेलीबांधा थाना से वीआईपी चौक तक 2 करोड़ रुपए खर्च कर रोड डिवाइडर-सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य कराया गया था। इसका निर्माण नगर निगम ने बिना टेंडर निकाले कराया था। इस मामले की जांच के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव द्वारा शुक्रवार को एक आदेश निकाला गया है। इस आदेश के तहत ठेका देने में गड़बड़ी में शामिल सब इंजीनियर प्रभाकर शुक्ला और सहायक इंजीनियर फत्तेलाल साहू को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा ठेका गड़बड़ी में रिटायर हो चुके अधीक्षक अभियंता हेमंत शर्मा एवं कार्यपालन अभियंता शिबुलाल पटेल के विरुद्ध पेंशन नियम अनुसार विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

### एसीआई के चिकित्सकों को अपडेट करेगा डिवाइस

*एडवांस कार्डियक में पहली बार अत्याधुनिक डिवाइस का प्रत्यारोपण*

# मरीज को लगाया सीआरटी डिवाइस, चिकित्सक कर सकेंगे मोबाइल के जरिए दिल की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कार्डियोलाजिस्ट डाक्टरों ने मरीज को ऐसा अत्याधुनिक डिवाइस लगाया है, जो उन्हें मोबाइल पर डेटा भेजकर हृदय की गतिविधियों पर अपडेट रखेगा। एसीआई में अनियमित धड़कन की समस्या लेकर आए मरीज को पहली बार कार्डियक रीसिंक्रनाइजेशन थेरेपी विद डिफाइब्रिलेटर डिवाइस (सीआरटी-डी) का प्रत्यारोपण किया गया है। बेमेतरा जिले के दूरवर्ती गांव जटा में रहने वाले एक मरीज को हृदय की समस्या के बाद इलाज के लिए ▶▶शेष पेज 13 पर

#### तीन साल में खत्म हुई लाइफ

डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि मरीज को पहले कृत्रिम पेसमेकर डिवाइस डाला गया था। मरीज को लगे डिवाइस और बैटरी तीन साल में खत्म हो गई क्योंकि बहुत बार हृदय की धड़कन को काबू में लाने के लिए डिवाइस ने शॉक डिलीवर किया। मरीज के हृदय में पिछले तीन साल में कई बार झटके आए जिससे मशीन को अंदर ही अंदर बिजली के झटके देने पड़े। यह डिवाइस बहुत लाभदायक थी।



#### जीवनरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका

आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने इस संबंध में कहा कि समय के साथ चिकित्सा क्षेत्र ने अत्याधुनिक प्रगति की है। चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नित नये अनुसंधान ने मरीज की जीवनरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। एसीआई की टीम ने मरीज के हृदय की बीमारी को देखते हुए अत्याधुनिक तकनीक युक्त उपचार सुविधा प्रदान की है।

**ट्रैफिक सिग्नल की तरह:** मरीज के हृदय में लगा डिवाइस ट्रैफिक सिग्नल की तरह डाक्टर के मोबाइस पर जानकारी भेजेगा। ग्रीन सिग्नल यानी सब कुछ सामान्य है। ऑरेंज सिग्नल यानी थोड़ी चिंता करने की जरूरत है और रेड सिग्नल यानी धड़कन तेज है, शॉक बढ़ाने की जरूरत है। डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि इन सिग्नल के जरिए समय रहते हम हार्ट की रिमोर्ट मॉनिटरिंग करके मरीज का उपचार कर सकते हैं, समय पर दवा दे सकते हैं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# 1 से 15 दिसंबर तक मंडल और 15 से 30 तक भाजपा के जिला संगठनों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने नवंबर में बूथ चुनाव के समाप्त होने के बाद 1 से 15 दिसंबर तक मंडल और 15 से 30 दिसंबर तक जिला संगठनों का चुनाव कराने का फैसला किया है। बूथों का चुनाव 30 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। दिल्ली में संगठन चुनाव के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े, सक्रिय सदस्यता के प्रभारी दुष्यंत सिंह गौतम, संगठन चुनाव प्रभारी के. लक्ष्मण ने ली। इस बैठक में छत्तीसगढ़ से भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख, चुनाव समिति के सदस्य रूपकुमारी चौधरी, मधुसूदन यादव भी शामिल हुए। प्रदेश संगठन द्वारा राष्ट्रीय संगठन को सदस्यता अभियान की रिपोर्ट भी दी गई।

दिल्ली में मुख्य रूप से संगठन चुनाव को लेकर हुई बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने सभी राज्यों के चुनाव अधिकारियों और सदस्यों को मंडल और जिलों में चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ मंडल और जिलों के चुनाव भी तय कर दिए गए हैं। जिलों के चुनाव के बाद राज्यों के अध्यक्षों पर फैसला होगा। इसके पहले दिल्ली में एक बार फिर से 30 दिसंबर को बैठक होगा। जनवरी में पहले राज्यों के अध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उनके स्थान पर किसी और को कमान दी जाएगी। नया अध्यक्ष तय करने से पहले सभी राज्यों में संगठन के चुनाव कराए जा रहे हैं।

**दिल्ली में संगठन चुनाव पर बनी रणनीति, प्रदेश के नेता भी हुए शामिल**



### छत्तीसगढ़ के सदस्यता अभियान को सराहा

छत्तीसगढ़ के सदस्यता अभियान की राष्ट्रीय संगठन को जानकारी दी गई। इसमें प्राथमिक सदस्यता के बारे में बताया गया कि 53 लाख सदस्य बने हैं। प्रदेश के सक्रिय सदस्यता के प्रभारी और प्रदेश के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया, राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने के लक्ष्य को सराहा है। अब तक प्रदेश में 52110 सक्रिय सदस्य बन गए हैं। हर बूथ के लिए दो सक्रिय सदस्यों का लक्ष्य है। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। ऐसे में लक्ष्य तो प्राप्त कर लिया गया है। लेकिन फिर भी 70 से 75 हजार तक सक्रिय सदस्य बनाने का प्रयास रहेगा। सदस्यता अभियान 30 नवंबर तक चलता रहेगा। अब तक देश में 11 करोड़ 26 लाख प्राथमिक सदस्य बन गए हैं। 30 नवंबर तक यह आंकड़ा 13 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने मोदी

**रायपुर।** सिंधु भवन देवेंद्र नगर पंडरी में आगामी दो वर्षों के लिए कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी का अध्यक्ष चुने जाने के चुनावी आमसभा हुई, सभापति प्रकाशचंद सुराना एवं पदम डाकलिया ने चुनाव संचालन करते हुए समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कीं। इस दौरान सरल मोदी एवं पूर्व अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा के बीच आपसी सहमति हो जाने पर सरल मोदी को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। आमसभा में सुशील अग्रवाल, चंदर विधानी, प्रकाशचंद अग्रवाल, पूनम बरड़िया, महेंद्र लोढ़ा, अनिल गादिया, राजकुमार मलानी समेत बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल रहे।

### भूपेश महाराष्ट्र के पर्यवेक्षक


**रायपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने फिर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपल के हस्ताक्षर से जारी आदेश में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को होने वाले मतदान को लेकर नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। महाराष्ट्र के लिए भूपेश बघेल के साथ ही राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और डॉ. जी परमेश्वर को पर्यवेक्षक बनाया गया है। एआईसीसी के आदेश के बाद श्री बघेल यहां से महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गए हैं।

### शैलेंद्र को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने शोधार्थी शैलेंद्र कुमार सिन्हा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय विधि शास्त्र में, शोध का शीर्षक 'भारत में स्वास्थ्य संबंधी विधियों एवं नीतियों का समालोचनात्क अध्ययन' रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक एवं वर्तमा में एसोसिएट प्रोफेसर रीडर दक्षिण बिहार केंद्रीय विवि गया बिहार डॉ. सुरेंद्र कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया।



### 21 क्विंटल धान खरीदने से कतरा रही सरकार



**रायपुर।** जिला कांग्रेस का कहना है कि कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर प्रत्येक गांव का सर्वे कराकर, हर गांव का अलग-अलग उत्पादन क्विंटल में निकालकर खरीदी केंद्रों में सूची भेजी जा रही है और खरीदी केंद्र के कर्मचारियों को सूची के आधार पर धान खरीदने कहा जा रहा है। कर्मचारी दुविधा में हैं कि क्या करें। इससे किसानों को 21 क्विंटल धान बेचने में दिक्कत आएगी। ये सरकार कुल मिलाकर धान खरीदने में हीला-हवाला कर रही है। जिला कांग्रेस की निगरानी समिति में घनश्याम वर्मा, आनंद गिलहरे, विमल साहू, चंद्रहास साहू, अश्वनी वर्मा, इस्त्राइल खान, देवेंद्र वर्मा, बसंत साहू, मोहन साहू , हीरामन साहू, ओमप्रकाश, गजानंद वर्मा, चूड़ामणि साहू आदि शामिल हैं।

---

**धान बेचने में किसानों को आ रही परेशानी**

# धान खरीदी में पुराने बारदाने बने बाधा, कहीं स्टॉक नहीं पहुंचा, कहीं गले-फटे निकल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि पड़ताल**

धान खरीदी केंद्रों में टोकन जारी नहीं करने और टोकन कटने के 3 से 7 दिन बाद सोसाइटियों द्वारा धान खरीदी किए जाने से किसानों की परेशानी बढ़ी हुई है, वहीं दूसरी ओर बारदाना की कमी भी सोसाइटियों में बनी हुई है। हरिभूमि ने कई धान खरीदी केंद्रों में जाकर पड़ताल की, तो पता चला कि कहीं बारदाना का पुराना स्टॉक ही नहीं पहुंचा है, वहीं जिन केंद्रों में पुराना बारदाना पहुंचा है, तो उसमें बड़ी संख्या में गले-फटे बारदाने निकल रहे हैं, जिसके कारण किसानों को धान की मात्रा के अनुसार बारदाना नहीं मिल पा रहा है। इससे धान की खरीदी भी प्रभावित होने लगी है। ग्राम खिलोरा सोसाइटी के प्रबंधक ने बताया कि अब तक उनके यहां पुराना बारदाना पहुंचा नहीं है। इसके कारण आगामी दिनों में धान खरीदी बंद भी हो सकती है।



### टोकन जारी पर बारदाना नहीं

सोसाइटियों के माध्यम से किसानों को धान बेचने के लिए बारदाना उपलब्ध कराया जाता है। इसके तहत 50 प्रतिशत नया और 50 प्रतिशत पुराना बारदाना दिया जाता है। धान खरीदी शुरू होने से पहले रायपुर जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में नया बारदाना तो उपलब्ध कराया दिया गया है, लेकिन पुराना बारदाना अभी भी कई सोसाइटियों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके कारण धान खरीदी केंद्रों में टोकन कटाने के बाद भी किसानों को अपना धान बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति दंतरेंगा से करीब दो किलीमीटर दूर ग्राम खिलोरा उपार्जन केंद्र में देखने को मिली। इस सोसाइटी के प्रबंधक रामनरेश यादव ने बताया कि उनके केंद्र में 25 हजार बारदानों का नया स्टॉक आ चुका है, लेकिन पुराना स्टॉक अब तक नहीं पहुंचा है। इसके लिए कई बार अधिकारियों को जानकारी भी दे चुके है। उनका कहना है कि नियम के तहत 50-50 प्रतिशत नया व पुराना बारदाना किसानों को टोकन कटने के बाद उपलब्ध कराना है, लेकिन पीडीएस का पुराना बारदाना आबंटित नहीं होने के कारण फिलहाल 50 प्रतिशत नया बारदाना ही किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर आज-कल में पुराना बारदाना नहीं पहुंचा, तो सोमवार से धान की खरीदी भी प्रभावित हो सकती है।

### गल-फट चुके बारदाने लेने में रुचि नहीं ले रहे किसान

लगभग सभी सोसाइटियों में बारदानों का नया स्टॉक आबंटित हो चुका है। सभी केंद्रों में 25-25 हजार बारदाना उपलब्ध कराया गया है। नया बारदानों के साथ ज्यादातर सोसाइटियों में बारदानों का पुराना स्टॉक भी आबंटित कर दिया गया है, लेकिन पुराने बारदानों में कई सोसाइटियों में गल-फट चुके बारदाने भी हैं। इन गल-फट चुके बारदानों को लेने में किसान भी रुचि नहीं दिखा रहे है। इसके कारण सोसाइटियों में बारदानों की कमी बनी हुई है।

### दतरेंगा सोसाइटी में मिले फटे पुराने बारदाने

पड़ताल के दौरान ग्राम दतरेंगा धान उपार्जन केंद्र में पुराने बारदानों का स्टॉक में कई बारदाने खराब मिले। ये बारदाने गल-फट गए है, जिसके कारण इन बारदानों को किसान भी खरीद नहीं रहे है।

### खराब बारदानों को वापस करेंगे

25-25 हजार का नया और पुराना बारदानों का स्टॉक सोसाइटियों को उपलब्ध कराया जाता है। नियम के तहत सोसाइटियों से किसानों को दोनों बारदाने 50-50 प्रतिशत उपलब्ध कराया जा रहा है। खराब पुराने बारदानों को मार्कफेड को वापस भेजेंगे, जिसके बदले दूसरे बारदाने मांगे जाएंगे।

**- सुनील ठाकुर, ब्रांच मैनेजर, सहकारी बैंक रायपुर**

---

## पीएम आवास शहरी 2.0 के लिए बनेगी मूल्यांकन और निगरानी समिति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा जिला स्तरीय मूल्यांकन और निगरानी समिति बनाई जा रही है। यह कदम भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय के निर्देश पर उठाया जा रहा है। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

### कलेक्टर होंगे अध्यक्ष

जिला स्तरीय मूल्यांकन एवं निगरानी समिति मे जिला कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालय के नगर निगम, पालिका, और नगर पंचायत के आयुक्त और सीएमओ सदस्य सचिव, अन्य सदस्यों में संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, कार्यपालन अभियंता, अधीक्षण अभियंता, संबंधित नगरीय निकाय के आयुक्त या सीएमओ और भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नामांकित अधिकारी सदस्य होंगे।

### समिति करेगी ये काम

यह समिति नगरीय निकायों, क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) के तकनीकी तथा आर्थिक मूल्यांकन (दिशा निर्देशों के मुताबिक हितग्राहियों की पात्रता के परीक्षण सहित) टिप्पणियों और अनुशंसा सहित प्रतिवेदन (एसएलएनए) राज्य शहरी विकास अभिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने का काम करेगी।

## बृजमोहन बोले- मतगणना के दौरान लापरवाही से बचें अभिकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की मतगणना की पूर्व संध्या विधानसभा कार्यालय तत्पर में भाजपा के मतगणना अभिकर्ताओं की आवश्यक बुलाई गई। बैठक में मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी और उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा,मतगणना में दौरान लापरवाही से अभिकर्ता बचें।

श्री अग्रवाल ने कहा, सभी अभिकर्ता पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें। मतगणना के दौरान प्रत्येक वोट पर ध्यान रखें। मतगणना केंद्र के नियमों और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता की तुरंत जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दें। मतगणना के दौरान टीमवर्क और आपसी संवाद को प्राथमिकता दें। बैठक में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक प्रत्याशी सुनील सोनी, अशोक बजाज, जयंती भाई पटेल, देवजी पटेल, विजय अग्रवाल समेत वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भूपेश बोले- सरकार नहीं खरीदना चाहती किसानों का धान, नीति में कर दिया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, किसानों को टोकन नहीं मिल रहा है। छोटे-छोटे किसान बोल रहे कि एक मिनट सर्वर खुलता है, कुछ किसान ही रजिस्ट्रेशन करा पाते हैं फिर सर्वर बंद हो जाता है। अगर टोकन मिल गया, तो फिर सर्वर डाउन हो जाता है। किसानों को घंटों खड़ा होना पड़ता है, बारदाने की कमी भी है।



- **रबी में धान की फसल पर रोक है, कलेक्टर नहीं मान रहे सरकार का आदेश**

धान उठाने की नीति है, उसमें बदलाव कर दिए हैं। अभी धान केंद्र में खरीदी होगी, फिर संग्रहण केंद्र ले जाया जाएगा। उसके बाद उसको राइस मिलर को देंगे और अभी किसी राइस मिलर के साथ कोई एग्रीमेंट नहीं हुआ है। इसका मतलब है कि सरकार धान ही नहीं खरीदना चाहती और 21 क्विंटल का बोर्ड लगा दिया गया है पर कोई भी किसान 21 क्विंटल धान नहीं बेच पा रहा है। प्रति एकड़ किसानों को 8 हजार का नुकसान होगा। राज्य सरकार द्वारा किसानों को ठगा जा रहा है और रबी फसल लेने से मना कर रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहते हैं कि किसानों के रबी फसल लेने में कोई रोक नहीं है, दूसरी तरफ उनके आदेश की अवहेलना हो रही है। श्री बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, साय सरकार की प्रशासन में कोई पकड़ नहीं है और उनकी बात कोई नहीं सुनता है, बोलते कुछ हैं और होता कुछ है। विभिन्न जगहों के कलेक्टर ने आदेश कर दिया कि रबी फसल का धान नहीं ले सकते। अगर धान लेंगे तो 50 हजार का फाइन लगेगा।

यह सरकार किसान विरोधी सरकार है। पिछले साल का 45 प्रतिशत चावल अभी तक जमा नहीं हो पाया है, यह सरकार की नाकामी है। उसका खामियाजा गरीब किसान को उठाना पड़ेगा, क्योकि एंग्रीमेंट नहीं कर रहे तो धान उठाव नहीं होगा। धान खरीदी चालू हुए 1 हफ्ता हो गया कही भी परिवहन का साधन नहीं लगा है कि धान का उठाव करे, इसका मतलब कि धान संग्रहण केन्द्र पूरा धान के बोरे से पट जाएगा।

### 90 प्रतिशत धान की कटाई पूरी, लेकिन बिक्री के लिए टोकन नहीं : धनेंद्र

वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों में राज्य शासन की गलत नतियों एवं अव्यवस्था से किसान अपने धान नहीं बेच पा रहे हैं। शासन द्वारा इस वर्ष 1 नवंबर से धान खरीदी न करके 14 दिनों विलंब से शुरू किया गया, जबकि 14 नवंबर तक लगभग आधा फसल की कटाई हो चुका थी तथा वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत से अधिक फसल की कटाई हो चुकी है। किसानों को धान बेचने हेतु टोकन नहीं मिल रहा है। अनेक धान खरीदी केन्द्रों में 9-10 दिसंबर तक पूरे लिमिट की टोकन दिया जा चुका है और टोकन देना बंद कर दिया गया है। मुझे स्वयं को टोकन अभी तक नहीं मिला है जबकि 15 दिनों से धान की कटाई हो चुकी है। एक बयान में श्री साहू ने कहा है कि धान खरीदी केन्द्रों में राईस मिल मालिकों द्वारा कस्टम मिलिंग में गलत नीतियों के कारण धान का उठाव नहीं होने से धान खरीदी केन्द्रों में धान रखने हेतु स्थान नहीं मिल रहा है। राज्य शासन द्वारा दावा किया जा रहा है कि किसान को दो-तीन दिनों में उनके खातों में पैसा डालकर भुगतान किया जा रहा है लेकिन किसानों को 5-6 दिनों तक भुगतान नहीं हो पा रहा है तथा 3100 रूपये क्विंटल के बदले सिर्फ समर्थन मूल्य का भुगतान किया जा रहा है।



### सीएम आज बिलासपुर में देंगे विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को बिलासपुर को 143 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत के अनेक विकास कार्यों की सौगात देंगे। बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान सकरी रोड, मिनोचा कॉलोनी रोड, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, मिनी स्टेडियम, सिटी कोतवाली के पास निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग और अरपा नदी तट पर निर्मित रामसेतु मार्ग का लोकार्पण करेंगे। साय इस मौके पर लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में राउत नाचा महोत्सव में शामिल होंगे।

**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़ बिलासपुर**
**नोटिस**
प्रकरण क्रमांक आर-352/अ-6/2003-04
पेशी दिनांक 04.12.2024
हरनाम सिंह वगैरह पुनरीक्षणकर्तागण
**विरुद्ध**
स्टेनब्रास एवं 2 अन्य उत्तरवादीगण
प्रति, 1. ममता एडवर्ड पुत्री (अविवाहित) स्टेनब्रास ज्योतिपुर वार्ड नंबर - 11, तहसील पेण्ड्रोरोड, जिला - गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही 2. निरंजन एडवर्ड पत्नी लायनब्रास, निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी (सड्डू) एल.आई.जी. 685, शिवमंदिर के पास, रायपुर. जिला - रायपुर (छ.ग.) 3. ज्योति एडवर्ड पुत्री लायनब्रास, निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी (सड्डू) एल.आई.जी. 685, शिवमंदिर के पास, जिला - रायपुर (छ.ग.) 4. चिंटू एडवर्ड पुत्र लायनब्रास, निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी (सड्डू) एल.आई.जी. 685, शिवमंदिर के पास, जिला - रायपुर (छ.ग.) 5. प्रियंका एडवर्ड पुत्री लायनब्रास, निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी (सड्डू) एल.आई.जी. 685, शिवमंदिर के पास, जिला - रायपुर (छ.ग.)
पुनरीक्षणकर्ता हरनाम सिंह आ. बेसनसिंह, साकिन सारबहरा, तहसील पेण्ड्रारोड, जिला-जी.पी.एम. ने अतिरिक्त कलेक्टर पेण्ड्रारोड के द्वारा प्रकरण कमांक 2/अ-6/1997- 98 आदेश 26.09.2003 के विरुद्ध छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत इस न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की गई है, जिसकी सुनवाई 04.12.2024 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है।
अत: इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता, जो मामले की संपूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम पेशी तारीख 04.12.2024 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होवें।
दिनांक - 29/10/2024
(माननीय अध्यक्ष महो. द्वारा आदेशित )
**अवर सचिव,**
**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर**

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी के द्वारा श्रीमती सुनीता गोयल पति श्री प्रदीप गोयल निवासी एम-27 अवनी विहार, मोवा, दलदलसिवनी रायपुर स्थित शहीद भगत सिंह नगर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 106-ब सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक 18 रा.नि.मं. रायपुर तहसील एवं जिला रायपुर के फेस-2 गुलमोहर पार्क राम नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित भूमि का भूखंड क्रमांक जी-172 खसरा नम्बर 850/2 का भाग रकबा 1000 वर्गफुट भूकी जिसकी चौहदी उत्तर में भूखंड क्रमांक जी-171, दक्षिण में रास्ता, पूर्व में रास्ता, पश्चिम में भूखंड क्रमांक जी-173 स्थित है उक्त भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।
भवदीय- धर्मेश शर्मा
(हाईकोर्ट अधिवक्ता)
नया सरकंडा बिलासपुर
9827168452, 9826117848

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18 कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**
जारी दिनांक 21/11/2024
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदकगण (1) जयप्रकाश फतनानी (2) ओमप्रकाश फतनानी दोनों पिता राधाकिशन फतनानी दोनों निवासी गली नंबर-7, तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 200/6 रकबा 0.104 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/वाचक/तहसीलदार/2024 अ-12 वर्ष... रायपुर आदेश दिनांक 14/10/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 01/12/2024 को समय... बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।
सो सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ: जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CG-2024-25-107-1-6619**
**// ईश्तहार //**
तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी विमल पाण्डेय पिता/पति-श्याम कुमार पाण्डेय पता-धरमपुरा जगदलपुर बस्तर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 691/18 (0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रजत नंदी पिता/पति-मोरीस तुषार नंदी पता-सत्या निवास महावीर नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/12/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/11/2024 को जारी किया जाता है।
मुहर
नायब तहसीलदार:
Vikrant Rathore
रायपुर

**ईश्तहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**
नामांतरण प्र.क्र. 04/2024-25
वार्ड का नाम- डुमरतराई थोक बाजार
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डुमरतराई थोक बाजार वार्ड स्थित भवन/ भूमि दुकान क्र. 96 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती राजेश अग्रवाल S/O स्व. हरीशचंद्र अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/ श्रीमती आशा जैन W/O रमेश कुमार जैन ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानाम/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम पालिक अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा।
सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16 तहसील व जिला-रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
दिनांक 22/11/2024
एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार साहू पिता अगराहिज साहू द्वारा आवेदित ग्राम सारागांव प.ह.नं. 10 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 स्थित खसरा नंबर 534/2, 534/7 रकबा क्रमशः 0.6270, 0.000 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार धरसीवां के आदेश दिनांक 14/06/2024 के परिपालन में दिनांक 26/11/2024 को समय 12.00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 10 के सारागांव स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।
अतः सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. रायपुर16 (सारागाँव)

**पत्र क्र. /4265/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024, रायपुर, दिनांक 19/07/2023**
**//इश्तिहार//**
**नामंतरण प्र.क्र. 4265 वार्ड का नाम - 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446100242 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GUNTAMULA TIRUMULA RAO पिता/पति श्री/श्रीमती G RAMA RAO के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती INDIRA KATIYAR पिता/पति श्री/श्रीमती W/O ASHOK KUMAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जारी करें।
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन - 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य सेवा में आवश्यक सुधार के लिए लगाया शिविर

**रायपुर।** निर्माण भारत असिस्टेंस कौंसिल द्वारा निर्देशित फैमिली जनस्वास्थ्य अभियान के तहत शुक्रवार को हिंदू हाईस्कूल में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन अर्चना गोस्वामी, रंजना शर्मा एवं शोभना साहू ने किया। डॉ. प्राम्स ने यहां निशुल्क जांच की। अभियान की राज्य क्षेत्रीय प्रबंधक रंजना शर्मा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अविकसित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा में आवश्यक सुधार करना है। शिविर में जिला प्रबंधक संजय साहू, शुभांशु राठौर, रीना वर्मा, बीना, श्वेता त्रिलोकी, टोपसिंह, तोमेश गोरे, वीरकमल, प्रखंड पर्यवेक्षक शिखा ठाकुर, पंचायत कार्यपालक संजना एवं अन्य शामिल हुए।

### मदरसा का सौ साला जश्न 30 से

**रायपुर।** मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन मुस्लिम यतीमखाना बैजनाथपारा द्वारा विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि मदरसा का जश्ने सद साला सौ साला प्रोग्राम का एहतिमाम 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को मनाया जा रहा है। इस दौरान मदरसा में पढ़े हुए बच्चों को दस्तारे फजीलत से नवाजा जाएगा, साथ ही सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। इस मौके पर बरेली शरीफ, कछौछा शरीफ, हैदराबाद, मुंबई से आए उल्मा ए केराम के कप्तान वगैरह भी होंगे। मदरसा में 1924 से अब तक जो यहां पढ़े हुए हैं, और वर्तमान में जो जीवित हैं, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी मीडिया इंचार्ज मौलाना हामिद अली फारूकी ने दी।

## निधन

### सरस्वती गंगवानी



**रायपुर।** गीतांजलि नगर सेक्टर-2 निवासी सरस्वती गंगवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 नवंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे दयानंद गंगवानी की पत्नी एवं सीए शैलेश, दुष्यंत गंगवानी की माता थीं।

### ज्योति लालवानी



**रायपुर।** तेलीबांधा गली नंबर-2 निवासी ज्योति लालवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेंद्र लालवानी की पत्नी एवं सुनील लालवानी की माता थीं।

### सावित्री कोचर



**रायपुर।** शहर निवासी सावित्री कोचर का 22 नवंबर को मुंबई में निधन हो गया। वे शांतिलाल कोचर की पत्नी, जितेंद्र कुमार कोचर एवं सुभाष कोचर की भाभी थीं।

### नजमून निशा

**रायपुर।** शहर निवासी नजमून निशा का इंतेकाल हो गया। उन्हें 22 नवंबर को मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे-खाक किया गया। वे मरहूम मिर्जा बशीर उल्लाह बेग की अहेलिया एवं मिर्जा नसीरुल्लाह बेग की अम्मी थीं।

# लोगों को मदद पहुंचाने वाली डॉयल-112 खस्ताहाल, सुधारने 'मदद' की जरूरत

## राज्य के 16 जिलों में संचालित हो रहे साढ़े तीन सौ वाहन कंडम होने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लोगों को त्वरित मदद पहुंचाने राज्य के 16 जिलों में संचालित डॉयल-112 सेवा को खुद मदद की जरूरत पड़ रही है। डॉयल-112 सेवा के अंतर्गत संचालित साढ़े तीन सौ वाहनों की काफी दयनीय स्थिति हो गई है। वाहनों की स्थिति ऐसी हो गई है कि वाहन खराब होने पर अब उसके पार्ट्स मिलने मुश्किल हो गए हैं। डॉयल-112 सेवा संचालित करने जब तक कोई नई कंपनी सामने नहीं आएगी, डॉयल-112 सेवा में सुधार होने की उम्मीद नहीं दिख रही है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2018 से डॉयल-112 सेवा संचालित की जा रही है। छत्तीसगढ़ में जब से डॉयल-112 सेवा संचालित हो रही है, तब से वही पुराने मॉडल के सूमो वाहन का उपयोग किया जा रहा है। वर्तमान में सूमो वाहन आउटडेटेड हो गए हैं। वर्तमान में पुलिस विभाग के पास स्कार्पियो जैसे वाहन आ गए हैं। सूमो की स्कार्पियों से रफ्तार भी कम है। इसके चलते डॉयल-112 के माध्यम से लोगों को रिस्पांस टाइम में मदद नहीं मिल पाती।

### नई कंपनी आने के बाद नए वाहन मिलेंगे

छह वर्ष पूर्व जब डॉयल-112 सेवा शुरू की गई, तब इसे संचालित करने सरकार ने टाटा और उससे जुड़ी एबीपी प्राइवेट लिमिटेड को प्रोजेक्ट चलाने का ठेका दिया था। तब से इसी ग्रुप द्वारा सेवा का संचालन किया जा रहा है। ग्रुप का कार्यकाल दो माह पूर्व ही समाप्त हो गया है। नई कंपनी नहीं आने की वजह से सरकार पुरानी कंपनी के माध्यम से डॉयल-112 सेवा का संचालन कर रही है। डॉयल-112 सेवा में नए वाहन तभी आएंगे, जब कोई नई कंपनी सेवा संचालन करने का ठेका लेगी।



### अध्ययन करने टीम चंडीगढ़ जाएगी

चंडीगढ़ तथा हरियाणा में वर्तमान में सीडेक नामक कंपनी डॉयल-112 सेवा का संचालन कर रही है। सीडेक की कार्यप्रणाली देखने तथा समझने के लिए डॉयल-112 के अफसर अध्ययन करने जल्द ही चंडीगढ़ जाएंगे। लौटने के बाद रिपोर्ट तैयार कर अफसरों को देंगे। इसके बाद अफसर आगे निर्णय लेंगे। अफसर कब चंडीगढ़ जाएंगे, इसके लिए समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

## थानों में वर्षों से जमे पुराने सिपाही कर रहे वसूली का काम

# शहर के दर्जनभर थाने, जहां 'महेश' जैसे सिपाहियों के नाम का चलता है सिक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

थाने का मुखिया थानेदार होता है, लेकिन शहर के अधिकतर थानों में थानेदारों की जगह वहां वर्षों से पदस्थ सिपाही मुखिया बनकर बैठे हैं। थानेदार केवल नाम के रह गए हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने से लेकर कार्रवाई कराने के लिए टीआई से पहले सिपाही के पास अर्जी लगानी पड़ती है, तब कहीं जाकर पीड़ितों को न्याय मिल पाता है। रिपोर्ट दर्ज कराने से लेकर कार्रवाई कराने के लिए थानों में मठाधीश बनकर बैठे सिपाहियों को चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है।

- टिकरापारा थाने के जिस एएसआई को आईजी ने लाइन अटैच किया था, जुगाड़ से उसी थाने में पोस्टिंग कराई

गौरतलब है कि टिकरापारा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर पेशे से ऑटो मैकेनिक मोहम्मद शहजाद शेख ने गुरुवार को अपने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। महेश ने अपने सुसाइड नोट में टिकरापारा थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी महेश तथा अन्य छह को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। मृतक का सुसाइड नोट मिलने के बाद भी अब तक दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ अफसरों ने कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में थानों में मनमानी करने वाले पुलिसकर्मियों के हौसले बुलंद होंगे।



आक्रोशित लोगों ने एंबुलेंस में शव रख थाने का घेराव कर किया प्रदर्शन

पुलिस पर झूठे केस में फंसाने का आरोप, ऑटो मैकेनिक ने की खुदकुशी

### टिकरापारा थाना के ज्यादातर पुलिसकर्मी वर्षों से जमे

*शहजाद शेख ने जिस पुलिसकर्मी को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है, वह टिकरापारा थाना क्षेत्र में विगत आठ दस साल से पदस्थ है। इसके अलावा टिकरापारा थाना में पिछले तीन वर्षों में तीन से चार टीआई का तबादला हो चुका है, लेकिन निचले स्तर के पुलिसकर्मी जस के तस थाना में जमे हुए हैं। टिकरापारा थाना के ज्यादातर पुलिसकर्मी वर्षों से थाने में जमे हुए हैं।*

### लाइन अटैच होने के एक माह के भीतर लौटा

*टिकरापारा थाना में एक एएसआई ऐसा है, जिन्हें रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के आदेश पर पुलिस लाइन अटैच किया गया था। उस एएसआई ने दो माह के भीतर जुगाड़ से पुनः अपनी पोस्टिंग टिकरापारा थाना में ही करवा ली। जिस एएसआई को आईजी के आदेश पर लाइन अटैच किया गया था, वह एएसआई भी वर्षों से टिकरापारा थाना में पदस्थ है।*

### थाना के सामने दूसरे दिन भी रही गहमा-गहमी

शहजाद शेख खुदकुशी मामले के दूसरे दिन भी परिजन और परिचितों ने थाना पहुंच कर आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की बात सामने आई है। इसके कारण दूसरे दिन शाम के समय थाना के सामने काफी गहमा-गहमी का माहौल रहा। सुरक्षा की दृष्टि से गेट के पास पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

### इन थानों में वर्षों से जमे हैं निचले स्तर के पुलिसकर्मी

अलग-अलग थानों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक टिकरापारा के साथ कोतवाली, खमतराई, पुरानी बस्ती, तेलीबांधा, विधानसभा, उरला, गुढ़ियारी, कबीर नगर, सिविल लाइंस तथा आमानाका थाना क्षेत्र में भी कई पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जो पांच साल से ज्यादा समय से जमे हुए हैं।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

मोहम्मद शहजाद शेख खुदकुशी मामले में पुलिस ने साजिद अली तथा अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पड़ताल में साजिद अली का नाम सामने आने की वजह से उसके नाम पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। सुसाइड नोट में उल्लेखित पुलिस कर्मी महेश तथा अन्य के नाम पड़ताल करने के बाद पुलिस एफआईआर में दर्ज करने की बात कह रही है।

# भू-माफिया के हौसले बुलंद, 6 हजार वर्गफीट शासकीय भूमि पर किया कब्जा, निगम ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में अब भू-माफिया के हौसले बुलंद हैं। अब तक भू माफिया अवैध प्लाटिंग करते आ रहे थे, लेकिन अब वे शासकीय भूमि पर कब्जा करने के साथ वहां निर्माण कार्य भी कराने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला जोन-8 अंतर्गत सरोना क्षेत्र का सामने आया है। इस क्षेत्र में सब्जी मंडी के नाम से प्रस्तावित करीब 6 हजार वर्गफीट जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। इस जमीन पर बाउंड्रीवाल से लेकर टॉयलेट का निर्माण करा लिया गया था। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को अधिकारियों के निर्देश पर शासकीय जमीन पर निर्माण किए गए बाउंड्रीवाल और टॉयलेट को तोड़ने की कार्रवाई करते हुए उसे कब्जा मुक्त कराया।

### 50 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग, लगाई रोक

*इसी जोन अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड-1 के जरवाय क्षेत्र में एक बिल्डर द्वारा 50 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। बिल्डर ने जमीन पर सीसी रोड का निर्माण करा लिया गया था। निगम की टीम ने इस अवैध प्लाटिंग के काम पर तत्काल रोक लगाई और सीसी रोड को पोकलेन मशीन से तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।*

### नोटिस के बाद भी माफिया ने नहीं हटाया कब्जा

जोन कमिश्नर एके हालदार ने बताया कि सरोना में कृष्णा पैराडाइज के समीप सब्जी मंडी के लिए करीब 6 हजार वर्गफीट शासकीय भूमि प्रस्तावित है। इस भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा करते हुए यहां बाउंड्रीवाल एवं टायलेट का निर्माण कराया गया था। इसकी जानकारी मिलते ही कब्जा करने वालों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस पर उन्हें स्वतः कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे, बावजूद उनके द्वारा कब्जा हटाया नहीं गया। इसके बाद निगम का उड़न दस्ता टीम कोथ्री डी एवं पोकलेन मशीन लेकर यहां पहुंची और कब्जा को हटाने की कार्रवाई की। टीम के साथ रायपुर तहसीलदार मनुमुक्ता पाटिल, नगर निवेशक आभाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष

### जनरल मेडिसिन,...

अनुसार चिकित्सा विशेषज्ञ बनने के लिए विषयों की डिमांड बदलती रही है। इस बार विद्यार्थियों के बीच त्वचा संबंधी रोगों के इलाज के लिए एमडी डर्मेटोलॉजी, विभिन्न बीमारियों का पता लगाने की जाने वाली जांच रेडियो डायग्नोसिस तथा सर्दी-खांसी बुखार जैसी बीमारियों का उपचार करने वाली एमडी जनरल सर्जरी की सीटों में दिलचस्पी दिखाई गई है। टॉप टेन में आने वाले चिकित्सकों को विभिन्न कालेजों में संचालित इन्हीं विषयों की सीटों का आवंट्न किया गया है। इसके अलावा अन्य दस टॉपरों के इस विषयों के साथ शिशु रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा अस्थि रोग विभाग की सीटें अलॉट हुई है। शुक्रवार से शुरू हुआ एडमिशन 28 नवंबर तक पूरा होगा। इसके बाद शेड्यूल के अनुसार दूसरे चरण में रिक्त सीटों को भरने के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाएगी।

### टेंडर ठेका में...

कार्रवाई के लिए आरोप पत्र जारी करने निर्देश दिया है।

**विधानसभा में उठा था मुद्दा, मंत्री ने की थी जांच की घोषणा**-छत्तीसगढ़ विधानसभा में पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर ने इस गड़बड़ी का मामला विधानसभा में उठाया था। इस पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विधानसभा में इसकी जांच के लिए समिति बनाने की घोषणा की। इसके बाद संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन विभाग ने अवर सचिव नगरीय प्रशासन विभाग को जांच के लिए समिति गठित करने आदेश जारी कर पत्र लिखा था। समिति में रायपुर संभाग आयुक्त अध्यक्ष, अपर कलेक्टर, नगरीय प्रशासन विभाग के चीफ इंजीनियर और संयुक्त संचालक जांच समिति के सदस्य बनाए गए थे। सूत्रों के अनुसार इस समिति की जांच के आधार पर ही इस मामले में कार्रवाई की गई।

**भाजपा पार्षदों ने भी की थी जांच की मांग**- इस गड़बड़ी का मुद्दा निगम की बैठक में भी उठ चुका है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे सहित भाजपा पार्षदों ने इस मामले में रायपुर नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। इस मांग पर निगम की एक जांच टीम भी बनाई गई थी।

### सरगुजा में ठंड...

न्यूनतम तापमान में होने वाली गिरावट का दौर अब ठहर गया है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा के शहरों में पारा थोड़ा नीचे गया है। बलरामपुर का तापमान 8.7 तथा सरगुजा में 8.8 डिग्री दर्ज किया गया है और वहां ठंड का असर है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले समय में अब वहां गिरावट होने की संभावना कम है, क्योंकि उत्तर की हवा पूर्व से घूमकर प्रवेश कर रही है। तीन दिन बाद इसकी दिशा पूरी तरह पूर्वी हो जाएगी, जिससे गिरते तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। माना जा रहा है कि अंबिकापुर सहित उत्तरी हिस्से में तीन से चार डिग्री, रायपुर और मध्य हिस्से में दो से तीन डिग्री तथा बस्तर में बादल छाने के साथ एक से दो डिग्री पारा चढ़ने की उम्मीद है।

### सोना फिर खाने...

अगले साल शादी है, वो भी कम कीमत के कारण सोने और चांदी के जेवर ले रहे हैं। कीमत वापस बढ़ने के बाद भी बाजार में जमकर खरीदारी हो रही है। शादियों का सीजन होने के कारण ग्राहक आ रहे हैं। सोने की कीमत ने इस साल लगातार रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस साल के प्रारंभ में सोने की कीमत 65 हजार रुपए थी। इसके बाद कीमत लगातार कम ज्यादा होती रही। इस बार इस बात की संभावना पहले से ही थी कि धनतेरस पर सोना 80 हजारी हो जाएगा, लेकिन यह जरूर किसी ने नहीं सोचा था कि कीमत 80 हजार के पार होकर 82 हजार तक जा सकती है। धनतेरस के दिन तो नहीं, लेकिन धनतेरस के बाद दूसरे दिन सोना 82 हजार के भी पार होकर 82200 हो गया। इसके पहले चांदी की कीमत एक लाख के पार जाकर एक लाख एक हजार पांच सौ रुपए हो गई थी।

### बाजार में...

का कारोबार निवेशकों का होता है जो सोने और चांदी में निवेश करते हैं। बाकी का कारोबार जेवरों का होता है। अब रोज इससे ज्यादा का कारोबार हो रहा है। रायपुर के सराफा कारोबारी हरख मालू के मुताबिक शादियों का सीजन होने के कारण बाजार में जमकर खरीदारी हो रही है। कीमत बढ़ने के बाद भी बाजार में इसका असर नहीं है।

### मरीज को लगाया...

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट लाया गया था। जांच के दौरान पता चला कि मरीज सिक साइन सिंड्रोम से पीड़ित है। उसकी धड़कन कभी एकदम कम हो जाती थी और कभी अनियमित तौर पर बढ़ जाती थी। इस समस्या के समाधान के लिए कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. स्मित श्रीवास्तव, डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. शिवकुमार शर्मा एवं चिकित्सकीय टीम ने अत्याधुनिक एवं उन्नत तकनीक से युक्त सीआरटी- डी हृदय में प्रत्यारोपित किया। इसकी एक वजह मरीज के दूरस्थ गांव में रहना था, जहां से उसका बार-बार अस्पताल आना संभव नहीं था। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार डिवाइस की खासियत है कि यह स्मार्टफोन ऐप से कनेक्ट होकर हृदय की गतिविधियों की निगरानी एक वर्चुअल कार्डियोलॉजिस्ट की तरह करता है। मरीज दूरस्थ गांव में रहता है, इसलिए यह डिवाइस हृदय की रिमोट मॉनिटरिंग करता है। यह ब्लूसिंक तकनीक पर आधारित है। इस ऐप के जरिए मरीज के हृदय की गतिविधि की जानकारी और ऐल्गोरिदम डेटा प्राप्त होती है। किसी अप्रत्याशित स्थिति में यह अलग-अलग रंग के सिग्नल के माध्यम से डॉक्टरों को अलर्ट भी भेजता है।

# कमिश्नर ने जोन दफ्तर में की पार्षदों के साथ बैठक, विकास कार्यों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को जोन-10 कार्यालय में क्षेत्र के सभी पार्षदों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। इस दौरान पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के साथ अप्रारंभ कार्यों को लेकर भी चर्चा की। इस बैठक में जोन कमिश्नर राकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

**पार्षदों ने दिए सुझाव**- कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने बैठक के दौरान जोन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगतिरत सभी विकास कार्यों को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सतत मॉनिटरिंग कर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें और साथ ही स्वीकृत होने के बाद भी जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें जल्द शुरू कराएं। बैठक के दौरान पार्षदों ने भी विकास कार्यों के संबंध में सुझाव दिए।






# पाइपलाइन बिछाने तोड़ीं वार्डों की सड़कें, सिर्फ मेन रोड बनवाने सर्वे और प्रस्ताव

## बिरगांव निगम का मुख्य मार्गों को चमकाने पर फोकस, वार्डों की नहीं ली सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खारुन से बिरगांव जल आवर्धन योजना के तहत बिरगांव निगम ने सभी 40 वार्डों की सड़कों को तोड़ने के बाद पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया। इससे लगभग सभी बस्तियों व कॉलोनियों की सड़कों का बुरा हाल है। इससे आने-जाने वाले लोगों को रोज दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

इन सड़कों को बनवाने के लिए अभी सर्वे भी नहीं हुआ है। दूसरी तरफ मेन रोड को चकाचक करने के लिए निगम के जिम्मेदारों ने सर्वे करने के बाद इनका डामरीकरण कराने के लिए करीब 4 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। बिरगांव निगम सीमा में शामिल 6 गांव के 40 वार्डों में इन दिनों सड़कों का बुरा हाल है। इसे बनवाने के लिए जिम्मेदारों ने अभी सर्वे भी शुरू नहीं किया है। सूत्रों ने बताया कि इसका दिसंबर के बाद सर्वे होगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि कई वार्डों में अभी सर्विस रोड से जुड़ी बस्तियों में पाइपलाइन का काम बचा है। इसे पूरा करने के बाद वार्डों के लिए सर्वे किया जाएगा। इसके लिए भी वार्ड पार्षदों ने प्रस्ताव दिया है। वहीं दूसरी तरफ इन्हीं प्रस्तावों में शामिल मेन रोड के डामरीकरण को पहली प्रायर्टी में रखते हुए उसे बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। फंड मिलने में विलंब की वजह से बाजार वाले मुख्य मार्ग भी अव्यवस्था का शिकार है। इनमें सबसे ज्यादा खराब स्थिति रावांभाठा, उरला चौक से फिल्टर प्लांट, अछोली से बाजार चौक रूट के साथ ही उरला से सरोरा मुख्य मार्ग प्राथमिकता में है।

हरिभूमि सरोकार




### बजट मिलने पर करवाएंगे निर्माण

अभी वार्डों में पाइप लाइन का काम बचा है, इसे देखते हुए मुख्य मार्गों का प्रस्ताव भेजा है। बजट मिलने के बाद निर्माण करवाएंगे। इसके अलावा पार्षदों से मिले प्रस्ताव को भी एमआईसी से मंजूरी दी गई है, सर्वे के बाद वार्डों की सड़कों का भी निर्माण करवाने प्रक्रिया करेंगे।

- **नंदलाल देवांगन**, महापौर, नगर निगम, बिरगांव

## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश



**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन चौक के पास एक बदमाश को चाकू के साथ पकड़ा गया है। एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अड्डेबाजों के खिलाफ जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू रखा है एवं एवं किसी को मारने की बात कह रहा है। सूचना पर थाना स्टाफ मौके पर पहुंचा और लोधीपारा निवासी हनुमान शर्मा उर्फ बजरंग शर्मा की जमा तलाशी लेने पर कमर में छिपाकर रखा एक धारदार चाकू मिला। चाकू रखने के संबंध में कोई वैध कागजात पेश नहीं किया। पुलिस ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### महानदी परियोजना के कार्यों के लिए 4.29 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने धमतरी जिले के विकासखंड कुरुद में महानदी मुख्य नहर के अंतर्गत 28.89 किलोमीटर पर क्रॉस रेग्युलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्यों को कराने चार करोड़ 29 लाख 5 हजार रुपए स्वीकृत किए है। योजना के इन कार्यों के पूर्ण हो जाने पर योजना की रूपांकित सिंचाई में 412 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा में और वृद्धि होगी। इससे क्षेत्रीय किसानों को फायदा होगा। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को परियोजना के स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## अधिकारियों ने दिए कमियों को दूर करने के निर्देश

# रेल मंत्री के स्वागत में स्टेशन चमकाने में जुटा अमला, रायपुर से नागपुर तक पटरियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नागपुर से रायपुर के बीच बीते कुछ सालों में पटरियों का काम तेजी से चला है। इस कार्य के लिए रेलवे अभी तक 500 से अधिक ट्रेन रद्द कर चुका है। वर्तमान में पटरियों का काम लगभग पूरा होने के बाद अब इसका निरीक्षण करने अधिकारियों के साथ खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आने वाले हैं। इसकी तैयारी में नागपुर से लेकर रायपुर मंडल तक रेलवे अमला जुटा हुआ है।

खास खबर

जानकारी के मुताबिक रेल मंत्री रायपुर में 1 घंटा बिताएंगे। इस दौरान स्टेशन व मंडल में चल रहे अन्य कार्यों की अधिकारियों से जानकारी भी लेंगे। अमृत भारत योजना समेत मॉडल स्टेशनों के कार्यों का भी निरीक्षण किया जाएगा। मंत्री के स्वागत में स्टेशन को चमकाने कार्य किया जा रहा है। रेल मंत्री के दौरे को लेकर पटरियों से लेकर प्लेटफार्म को साफ किया जा रहा है।

### अधिकारियों ने बनाई तैयारी की रूपरेखा

स्टेशनों व अन्य कमियों को दूर करने नागपुर डीआरएम व रायपुर मंडल के डीआरएम शुक्रवार को स्टेशन पहुंचे। इस दौरान तैयारी का जायजा लेते हुए रेल मंत्री के तय शेड्यूल अनुसार रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान डीआरएम ने साफ-सफाई और स्टेशन में साफ रखने का निर्देश दिया है। इस दौरान यात्री सुविधाओं की कमियों को दूर करने को कहा है। निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री स्टेशन में यात्रियों से भी बातचीत कर सकते हैं। इस वजह मंडल कमियों को दूर करने में लगा हुआ है। अधिकारियों ने प्लेटफार्म 1 को निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। 25 को प्लेटफार्म में कोई यात्री सोया न रहे। वेंडर्स को भी नियमों का पालन करने का कहा गया है।






- रेल मंत्री के दौरे को लेकर शुक्रवार को रायपुर पहुंचीं नागपुर डीआरएम, बनाई गई तैयारी की रूपरेखा
- रायपुर डीआरएम ने स्टेशनों में यात्री सुविधा व अधूरे मेंटेनेंस कार्यों को पूरा करने दिए निर्देश



### अधूरे मेंटेनेंस कार्य को किया पूरा

रेल मंत्री के दौरे को लेकर स्टेशन में आरपीएफ और जीआरपी को अलर्ट मोड में है। स्टेशन को चमकाने के लिए रेलवे अधिकारियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। सभी अधूरे मेंटेनेंस कार्य को रातों-रात पूरा किया गया। वहीं खराब डिस्प्ले, लाइट, पंखे समेत एसी को भी सुधारा जा चुका है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वेटिंग रूम में रंग रोगन कर उसकी खूबसूरती को बढ़ाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सैलून प्लेटफार्म-1 पर आने वाला है, इसके चलते पटरियों को भी सुधारने का काम चल रहा है।

### इस तरह रहेगा रेल मंत्री का शेड्यूल

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के शेड्यूल मुताबिक 24 नवंबर को वे दिल्ली से रात 8 बजकर 10 मिनट रवाना होकर रात 9:40 बजे नागपुर पहुंचेंगे। नागपुर में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन 25 नवंबर को वो सुबह 8 बजे आयोजित एसटी-एससी एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम इसके बाद रेल मंत्री सुबह 9:50 बजे नागपुर से ट्रेन से रवाना होते हुए 1:15 बजे रायपुर पहुंचेंगे। रायपुर में एक घंटा बिताने के बाद वे 2:15 बजे फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों ने विधि विभाग के प्रमुख सचिव को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय संघ के अधिकारी-कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विधि विभाग के प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के जरिए संघ ने 15 दिन के भीतर मांगों पर विचार कर पूरा नहीं करने पर चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कही है।

संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, सचिव गोविंद साहू, सहसचिव धर्मेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष पुखराज साहू सहित अन्य सदस्यों ने विधि विभाग के प्रमुख सचिव के चैंबर में जाकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के माध्यम से संघ ने विभाग में प्रत्येक संवर्ग की पदोन्नति के लिए समय पर डीपीसी का आयोजन एवं पदोन्नति करने, विभागीय प्रस्तावित भर्ती नियम में सहायक ग्रेड-1 की सीधी भर्ती के प्रावधान को बार-बार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अस्वीकार करने के बावजूद प्रकरण के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा न जाए।

### ये हैं कर्मचारियों की मांगें

विभाग की स्थापना शाखा में उप सचिव एवं अतिरिक्त सचिव विभागीय होना चाहिए। विभागीय कर्मचारियों की सेवा एवं सुविधाओं के प्रत्येक मामलों में मोहन प्रसाद गुप्ता अतिरिक्त सचिव द्वारा अनावश्यक रूप से बाधा उत्पन्न किया जाता है। उनका तबादला किया जाए। इसके अलावा वेतन विसंगि का निराकरण, कम्प्यूटर ऑपरेटरों की पदोन्नति चैनल निर्मित करने, चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की तत्काल भर्ती की जाए, अवकाश आवेदन ऑनलाइन किया जाए सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

## ज्ञानी व्यक्ति में अभिमान नहीं, बल्कि सरलता होनी चाहिए : आचार्य पांडेय



**रायपुर।** ज्ञानी व्यक्ति में ज्ञान का भंडार होता है, इसलिए ज्ञानी व्यक्तियों को हमेशा सरल होना चाहिए और ज्ञानी व्यक्ति हमेशा सम्मान से झुकने वाला होना चाहिए। जो ज्ञान पाकर घमंड और अहंकार करते हैं, उनका बेहतर समय ज्यादा दिन तक नहीं रहता। डूमरतराई में चल रही श्री रामकथा के पंचम दिवस कथाव्यास आचार्य युवराज पांडेय अमलीपदर वाले के मुखारविंद से श्री रामकथा का रसपान श्रद्धालुओं ने किया। आचार्यश्री ने भक्तों को कथा रूपी सागर का अमृतपान कराते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदासजी में भी बहुत ही सरलता थी, जिन्होंने जनकल्याण के लिए श्रीरामचरित मानस की रचना की।

# जमकर मुनाफाखोरी का खेल, 50 रुपए तक महंगा हो गया खाद्य तेल

- 100 रुपए वाला सोया और राइस ब्रान तेल अब चिल्हर में 150 रुपए बिक रहा
- केंद्र सरकार ने बीते माह जब से आयात शुल्क में इजाफा किया है, तब से रायपुर के थोक से लेकर चिल्हर बाजार में कीमत में आग लग गई है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के बाद देश के साथ प्रदेशभर में मुनाफाखोरी का जमकर खेल चल रहा है। जहां राजधानी के डूमरतराई थोक बाजार में सोया और राइसब्रान जैसे तेलों की कीमत 135 रुपए हो गई है, वहीं रायपुर शहर के छोटे थोक कारोबारी इसको 140 रुपए में और चिल्हर कारोबारी 145 से 150 रुपए में बेच रहे हैं। दूसरे तेलों के दाम भी 40 से 50 रुपए तक बढ़ गए हैं। जब सरकार ने अक्टूबर में आयात शुल्क में इजाफा किया था, तो कहा गया था कि तेलों की कीमत ज्यादा से ज्यादा 15 रुपए तक बढ़ेगी, लेकिन कीमत में बहुत ज्यादा इजाफा कर दिया गया है। जो साया और राइसब्रान तेल आयात शुल्क बढ़ने से पहले थोक में 90 रुपए और चिल्हर में 100 रुपए था, वह अब 150 रुपए में बेचा जा रहा है।

केंद्र सरकार ने बीते माह जब से आयात शुल्क में इजाफा किया है तब से राजधानी रायपुर के थोक से लेकर चिल्हर बाजार में कीमत में आग लग गई है। हालांकि आयात शुल्क बढ़ने के बाद नया माल आने से पहले ही कीमत में इजाफा कर दिया गया था। पहले कीमत में 20 रुपए और फिर तीस रुपए तक इजाफा किया गया। संभावना थी त्योहारी सीजन दीपावली के बाद कीमत कम होगी, लेकिन कीमत कम होने के स्थान पर और ज्यादा हो गई है। थोक कारोबारियों का कहना है कि उत्पादक ही ज्यादा कीमत पर तेल दे रहे हैं तो हम क्या कर सकते हैं।

### उत्पादकों ने भी बढ़ाई है कीमत

राजधानी के थोक कारोबारियों का कहना है कि उत्पादक कंपनियों ने ही कीमत बढ़ा दी है तो हम क्या करें। ज्यादातर उत्पादक कंपनियों ने दाम में 35 रुपए का इजाफा किया है। ऐसे में थोक कारोबारी अपना मुनाफा लेकर इसको 40 रुपए महंगा किया है। दूसरे नंबर के थोक कारोबारियों ने इसको 45 रुपए महंगा किया है तो चिल्हर कारोबारियों ने इसको 50 रुपए महंगा किया है। अन्य तेलों के दाम भी बढ़े हैं।



### हरेली तेल की भी बढ़ा दी कीमत

राइसब्रान का हरेली तेल छत्तीसगढ़ में बनता है। जानकारों के मुताबिक इसका आयात शुल्क से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इसके बाद भी मौके का फायदा उठाते हुए कारोबारियों ने इसकी कीमत में भी थोक में 40 रुपए का इजाफा कर दिया है तो यह चिल्हर में 50 रुपए महंगा हो गया है। डूमरतराई में थोक में यह 1620 रुपए में एक पेटी 12 लीटर का पैक मिल रहा है। इसको शहर के थोक कारोबारी 1700 रुपए में बेच रहे हैं। यानी यह तेल भी थोक में 142 रुपए में मिल रहा है। इसको चिल्हर कारोबारी 150 रुपए में बेच रहे हैं। राइसब्रान से सारे ब्रांड महंगे हो गए हैं।

### थोक में 45 रुपए तक बढ़े दाम

खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा बिकने वाले सोया और राइस ब्रान तेल की बात करें तो इसकी कीमत जुलाई में सौ रुपए से कम थी। सोया तेल और राइस ब्रान थोक में 90 रुपए के आस-पास और चिल्हर में 95 से 98 रुपए में बिक रहा था। लेकिन बीते माह त्योहारी सीजन प्रारंभ होने से पहले इसकी कीमत बढ़ाई गई थी। इसके बाद आयात शुल्क के कारण लगातार कीमत में इजाफा किया जा रहा है। इस समय थोक बाजार में सोया तेल में सबसे ज्यादा बिकने वाला कीर्ति गोल्ड पेटी में 1610 रुपए में मिल रहा है, यानी थोक में कीमत 135 रुपए है। वहीं इसको शहर के थोक कारोबारी अपना पांच रुपए का मुनाफा जोड़कर 1680 से 1700 रुपए में बेच रहे हैं। यानी यह थोक में 140 से 142 रुपए में पड़ रहा है। इसको चिल्हर किराना दुकान वाले शहर से ले जाकर चिल्हर में 150 में बेच रहे हैं। पहले चिल्हर में यह 100 रुपए में बिक रहा था। सरसों तेल पहले चिल्हर में 135 से 140 रुपए था, यह अब 180 रुपए हो गया है। फल्ली तेल 200 रुपए है। यह थोक में 180 से 185 रुपए है।

### सूने मकान में धावा, कैश-जेवर समेत एक लाख की चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 15 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, कोलार निवासी रवि साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह उनका बेटा पढ़ने के लिए स्कूल गया था और पति-पत्नी मजदूरी करने के लिए चले गए। शाम के समय रवि का बेटा वापस घर लौटा तो उसने देखा कोई अज्ञात चोर आलमारी में रखी नकदी तथा जेवर पर हाथ साफ कर गया है।




## बिजनेस साइट

### मिरैकल्स क्लीनिक में स्वर्णप्राशन संस्कार का सफल आयोजन



**रायपुर।** शंकर नगर चौपाटी स्थित मिरैकल्स क्लीनिक में गुरुवार को विशेष पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर क्लीनिक में 56 बच्चों को लेह देकर स्वर्णप्राशन कराया गया।

मिरैकल्स क्लीनिक की संचालिका डॉ. पिंकी चौरसिया ने बताया कि स्वर्णप्राशन संस्कार में उपयोग किया जाने वाला लेह विशेष रूप से शोधित स्वर्ण और आयुर्वेदिक औषधियों से तैयार किया जाता है। यह संस्कार बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता है। स्वर्णप्राशन से बच्चों की आयु, बल, इम्युनिटी और बुद्धि में तेजी से वृद्धि होती है। साथ ही इससे बच्चों को सर्दी, खांसी, बुखार और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

### कोलंबिया कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार




**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज टेकारी रायपुर में 'रेवांपिंग दी हायर एजुकेशन सिस्टम टू मीट दी चैलेंजेज ऑफ दी 21 संेचुरी' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए सेमिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मंच शिक्षकों, शिक्षाविदों और विद्वानों को शिक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर प्रदान करेगा। सेमिनार के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि प्रोफेसर अरुणा पलटा रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के लिए डिजिटल विश्वविद्यालय और कौशल आधारित विश्वविद्यालयों की आवश्यकता पर बल दिया।










हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 23 नवंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



02
आज पूजे जाएंगे काल भैरव, भक्तों को....

**एजुकेशन अपडेट**

## यूपीएससी ने जारी किए इंजीनियरिंग सेवा के परिणाम

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसके लिए यूपीएससी द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन जून में किया गया था। लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर चयनित उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार अक्टूबर-नवंबर में आयोजित किया गया था। इसके आधार पर अंतिम परिणाम यूपीएससी ने जारी कर दिए हैं। संबंधित मंत्रालय और विभाग में इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्तियां दी जाएंगी। रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर पीडीएफ फॉर्मेट में घोषित किया गया है। इस पीडीएफ में चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर एवं नाम दर्ज हैं। अभ्यर्थी अपने रिजल्ट की जांच ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं।

UPSC

### बेमेतरा के कृष्ण को 57वीं रैंक



इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ के बेमेतरा के कृष्ण कुमार को 57वीं रैंक प्राप्त हुई है। फाइनल रिजल्ट जारी होने के बाद इसमें कुल 206 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। इसमें से सिविल इंजीनियरिंग में 92, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 18, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 26 और इलेक्ट्रॉनिक एवं टेली कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में 70 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। भर्ती से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

● छग पर्यटन विभाग शादियों के लिए लोगों को उपलब्ध करवा रहा रिसॉर्ट व लॉन, प्री वेडिंग और रिसेप्शन के लिए भी बुकिंग

# छग के पहाड़ों में अब डेस्टिनेशन वेडिंग, चित्रकूट और मैनपाट रिसॉर्ट में शाही शादी, बारातियों को परोस रहे तिब्बती व्यंजन

शादी का दिन हर किसी के लिए खास होता है। आजकल लोग कहीं दूर बाहर जाकर प्री वेडिंग और शादी करना पसंद कर रहे हैं। हर कोई चाहता है कि उनकी शादी कुछ अलग और यादगार हो, एक ऐसा अनुभव जो वे और उनके मेहमान लंबे समय तक याद रखें। बदलते समय के साथ अब राजधानी में भी डेस्टिनेशन वेडिंग कल्चर काफी ट्रेंड करने लगा है, जिसे लेकर अब छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग अपने रिसॉर्ट व लॉन को शादियों में इस्तेमाल करने देना शुरू कर दिया है।



### ठंडा वातावरण और प्रकृति की विविधता

छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाले मैनपाट और जशपुर में सबसे अधिक ठंड पड़ती है। मैनपाट पहाड़ियों के ऊपर पठारी क्षेत्र में बसा हुआ है। यहां भी पर्यटन विभाग डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए रिसॉर्ट उपलब्ध करवा रहा है। दिसंबर और फरवरी के बीच यहां विवाह होंगे। यहां शादियों में तिब्बती लोगों को लाभ मिल रहा है। शादियों में तिब्बती व्यंजन मेहमानों को खिलाएं जा रहे हैं। विभाग का रिसॉर्ट क्षेत्रफल फैला हुआ है। ठंडे वातावरण, प्रकृति की विविधता को देखते लोग यहां शादी करने पहुंच रहे हैं। जशपुर में भी स्थानीय लोगों के द्वारा विवाह के लिए रिसॉर्ट का उपयोग किया जा रहा है।

**रायपुर।** डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में प्रदेश के खूबसूरत पहाड़ और नेचर के बीच लोग अपनी शादी करवा रहे हैं। इस सीजन में चिल्फी घाटी, चित्रकूट जलप्रपात, जशपुर और मैनपाट में दर्जन से अधिक शादियां हो चुकी हैं। पर्यटन विभाग के ज्यादातर रिसॉर्ट लग्जरी हैं और नेचर के बीच बने हुए हैं। ऐसे में लोग थीम बेस्ट शादियों के रूप में भी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। सीमित संख्या में मेहमानों को विवाह में बुलाया जा रहा है।



### 60 से 70 व्यक्तियों के रुकने की व्यवस्था

पर्यटन विभाग के मुताबिक, पर्यटन के हिल स्टेशनों में बने रिसॉर्ट का क्षेत्रफल 20 एकड़ से भी अधिक फैला हुआ है। यहां 20 से अधिक कमरों की भी सुविधा है, जिसमें 60 से 70 व्यक्ति रह सकते हैं। रिसॉर्ट में अलग से लॉन की भी सुविधा है। ऐसे में डेस्टिनेशन वेडिंग करने लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो रही है। इस सीजन में बुकिंग अधिक देखने को मिली है। मैकल पर्वत की सबसे ऊंची चोटी चिल्फी घाटी में शादियां अधिक हुई हैं। विभाग द्वारा कमरा और जगह उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके बाद रिसॉर्ट को अलग-अलग थीम में सजाया जा रहा है।



### चित्रकूट जलप्रपात में रिसेप्शन और शादी

छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों में सबसे अधिक चित्रकूट में लोग पहुंचते हैं। डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए चित्रकूट रिसॉर्ट लोगों को पसंद बन चुकी है। रिसॉर्ट से जलप्रपात बेहद करीब है। कमरों से जलप्रपात दिखाई देता है। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच शादी करने के लिए यहां भी शादी की बुकिंग बढ़ी है। यहां लगभग सवा लाख में एक दिन के लिए रिसॉर्ट विवाह के लिए दिया जा रहा है। लोग अपने अनुसार जगह का इस्तेमाल कर रहे हैं। विभाग का कहना है कि डेस्टिनेशन वेडिंग के जरिए छत्तीसगढ़ के पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।



### डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में इस्तेमाल

पर्यटन विभाग के रिसॉर्ट व लॉन का इस्तेमाल डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में उपयोग किया जा रहा है। पहाड़ों और नेचर के बीच शादी करने के लिए अब लोग रिसॉर्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।
- विवेक आचार्य, प्रबंध संचालक, छग टूरिज्म बोर्ड



**लाइव इवेंट**

## जीव संरक्षण की प्रेरणा देने नंदनवन ने लगाई प्रदर्शनी



**रायपुर।** नंदनवन जंगल सफारी ने दौड़ा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कलाकृति एवं आनंद मेला में अपनी विशेष प्रदर्शनी लगाई। नंदनवन जंगल सफारी की पर्यावरण शिक्षा टीम द्वारा यह प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण, सह-अस्तित्व, और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। नंदनवन की पर्यावरण शिक्षा टीम ने विशेष रूप से प्रकृति दर्शन नामक विद्यार्थियों के लिए आयोजित कार्यक्रम की जानकारी साझा की, जो कि छात्रों को प्रकृति, पर्यावरण और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके साथ ही छात्रों को युवान (प्राकृतिक वालंटियर प्रोग्राम) के तहत पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### 25 स्कूल के 500 से अधिक विद्यार्थी

इस मेले में लगभग 25 स्कूलों के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रदर्शनी लगाई तथा अवलोकन किया। नंदनवन पर्यावरण टीम से चन्द्रमाणी साहू, उपेंद्र साहू, शेख जावेद, सूरज साहू, नवीन पुरैना ने विद्यार्थियों को रोचक और उपयोगी जानकारियां देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। इस अवसर पर नंदनवन जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने कहा, हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में पर्यावरण एवं वन्यजीवों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। ऐसी गतिविधियां बच्चों को प्रकृति के करीब लाने और उनके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती हैं।

# मैराथन में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से धावक व युवा करवा रहे पंजीयन, महिलाओं और दिव्यांगों में भी दिखा उत्साह

**रायपुर।** प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित अखबार हरिभूमि और हरिभूमि समूह के आईएनएच चैनल द्वारा एक दिसंबर को राजधानी रायपुर में फ्रीडम रायपुर रन मैराथन दौड़ का बड़ा आयोजन किया जा रहा है। इसमें दस और पांच किलोमीटर के दो वर्ग रखे गए हैं। पंजीयन शुरू होने के बाद अब छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से धावक खिलाड़ी, युवा समेत दिव्यांग भी बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए पंजीयन करवा रहे हैं। मैराथन में सेहत के प्रति जागरूक करने एक साथ मिलकर दौड़ लगाएंगे। बता दें कि दोनों वर्ग में पहले स्थान पर आने वाले पुरुष और महिला प्रतियोगी को नगद पुरस्कार दिया जाएगा। जहां दस किलोमीटर के विजेताओं को 50-50 हजार रुपए नगद मिलेंगे, वहीं पांच किलोमीटर के वर्ग के विजेताओं को 25-25 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। इसी के साथ सभी प्रतियोगियों को टी-शर्ट और प्रतियोगिता में शामिल होने का प्रमाणपत्र दिया जाएगा। प्रतियोगिता में किसी भी वर्ग के धावक शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगी अपना पंजीयन कराने के लिए **ironlife.in** में जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं।

हरिभूमि-आईएनएच के साथ एक दिसंबर को फ्रीडम रायपुर रन मैराथन, मरीन ड्राइव से शुरू होगी दौड़




### सुबह 6:30 बजे शुरू होगी पहली दौड़

मैराथन के लिए हरिभूमि-आईएनएच की टीम जुटी हुई है। मैराथन का प्रारंभ एक दिसंबर को राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव से होगा। मैराथन में प्रदेशभर के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसमें स्कूल के साथ कॉलेज के विद्यार्थी और ओपन वर्ग के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रदेश के धावक लगातार पंजीयन करा रहे हैं। सभी धावकों को प्रतियोगिता के लिए टी-शर्ट मुफ्त में दी जाएगी। इसी के साथ पदक और प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए **ironlife.in** जाकर अपना नाम व पता संबंधित जानकारी देने होगी। इसके बाद पंजीयन का नंबर आपको प्राप्त हो जाएगा। 10 किलोमीटर की एक दौड़ सुबह 6:30 बजे शुरू होगी और दूसरी 5 किलोमीटर की दौड़ 7 बजे होगी।

### सामाजिक संस्था व विभिन्न समाज भी लेंगे हिस्सा

मैराथन को लेकर सभी वर्गों के लोग पंजीयन करवा रहे हैं। बच्चे, युवा समेत पुरुष व महिलाएं भी इस मैराथन में हिस्सा लेंगे। हर दिन प्रदेश के विभिन्न राज्यों से धावक बड़ी संख्या में अपना पंजीयन करवा रहे हैं। कॉलेज और स्कूली बच्चे भी जुड़ेंगे। बता दें कि मैराथन के जरिए फिट और सेहतमंद रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। लोगों को मैराथन से जोड़ने के लिए प्रदेश के धावक खिलाड़ी भी जागरूक कर रहे हैं। सामाजिक संस्था व विभिन्न समाज के लोग एक साथ मैराथन में स्वस्थ शरीर के लिए मिलकर दौड़ लगाएंगे।

### मैराथन में इनका विशेष सहयोग

फ्रीडम रायपुर रन मैराथन में फ्रीडम रिफाइंड सनफ्लवार आइल एसोसिएट, भारतवासी अगरबत्ती, कान्क्रेट टीएमटी, आईबी ग्रुप, एबिस आर(वन), रूंगटा समूह, रामा टीएमटी, वचन, इफ्को , संजीवन कैंसर केयर फाउंडेशन, एएसए एडवरटाइजमेंट, विशेष छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का है।

## दिवाली मिलन में साझा की बचपन की यादें



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। इस इवेंट का आयोजन पूल साइड हुआ, जिसमें क्लब के सदस्य निर्धारिज ड्रेस कोर्ड में उपस्थित हुए। लाइव म्यूजिक, रोमांचक खेल, स्वादिष्ट भोजन सहित ढेरों सरप्राइज के साथ सबने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। आने वाले महीनों में होने वाले आयोजनों की रूपरेखा भी इस दौरान बनाई गई। क्लब की प्रेसिडेंट धृति दवे, मनप्रीत कौर वालिया, रिकी भाटिया, रिंकी साहनी सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन मौजूद रहे। दीपावली मिलन के दौरान पर्व संबंधित अपने अनुभव बांटते हुए बचपन के दिनों को याद किया। पुराने किस्से भी सदस्यों ने सुनाए।

**सिटी इवेंट**

## शिक्षा के सभी स्तर पर बच्चों को मिले समानता




**रायपुर।** विद्यालय नहीं आने वाले छात्रों के संदर्भ में प्रशिक्षण प्रदान करने संस्था 'हुमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया' द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम रखा गया। समग्र शिक्षा कार्यालय में यह आयोजन हुआ। इसमें शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ ही शिक्षक भी शामिल हुए। समग्र शिक्षा की सहायक परियोजना अधिकारी रागनी अवस्थी, संकुल समन्वयक कमल सिंह तथा संस्था के महेंद्र सिंह बिष्ट, सतीश कुमार, अर्नब गांगुली, राकेश सोनवानी शामिल हुए। एपीसी रागनी अवस्थी ने कहा, शिक्षा की स्तर को सुधारना आवश्यक है तथा छात्रों के सीखने के परिणाम में वृद्धि करना है। स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर समानता और समावेश सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है।

### बच्चों को सीखाएं जीवनोपयोगी कला

प्राथमिक स्तर के बच्चों में शैक्षिक कौशल का निर्माण करने से लेकर उनके समग्र विकास पर भी चर्चा हुई। संस्था द्वारा तैयार किए कदम टूल किट के बारे में भी शिक्षकों को बताया गया। विशेषज्ञों ने शिक्षकों को टिप्स देते हुए कहा, बच्चों में वास्तविक जीवन के कौशल का संग्रह करें और बच्चों में आधारभूत शैक्षिक कौशल को मजबूती दें, जिससे बच्चों के प्राथमिक जीवन में गुणों का विकास हो सके। बच्चों को सिखाया जा रहा है, उसका उपयोग जीवन में होना चाहिए।

जैन दादाबाड़ी में आज सुबह 7.15 बजे से शुरू होगी भगवती दीक्षा प्रवज्या विधि

**कार्नर न्यूज**

# दीक्षा से पहले मुमुक्षओं की निकली शाही शोभायात्रा आज केश लोच के साथ बदलेगा भेष, मिलेगा नया नाम

**रायपुर।** चांदी के सुसज्जित रथ पर सवार प्रभु महावीर आगे-आगे, तो पीछे 7 मुमुक्षुओं के साथ संत-समाज चल रहा था। जिन शासन के बुलंद जयकारों के बीच हर हाथ में लहराती पचरंगी पताकाएं इस भव्य शोभायात्रा की रौनक बढ़ा रही थीं, तो बैंड-बाजों की धुन पर नृत्य करते अहीर और सुआ दल ने भी इसकी शोभा पर चार चांद लगाए। मौका था वर्षीदान वरघोड़े का। सदर बाजार से शाही ठाठ के साथ निकली मुमुक्षुओं की भव्य शोभायात्रा के स्वागत में समाज ने एमजी रोड तक सड़क पर जगह-जगह रंगोलियां सजाई थीं। राजधानी के अरिहंत बुरड़ समेत राजस्थान के नीलेश मेहता और निकिता कटारिया शनिवार को दादाबाड़ी में दीक्षा लेने जा रहे हैं। संयम धारण करने से पहले संघ, समाज और परिवार ने मुमुक्षुओं को दुल्हा-दुल्हन की तरह शहर में इनका भव्य वर्षीदान वरघोड़ा निकला। सदर बाजार से तात्यापारा होते हुए वरघोड़ा करीब एक घंटे में दादाबाड़ी पहुंचा। यहां विशाल मंच पर संत विनय कुशल मुनि, मुनि महेंद्र सागर, मुनि प्रियदर्शी विजय, विराग मुनि समेत 50 से अधिक साधु-साध्वी की उपस्थिति में धर्मसभा लगी।





### साधु भगवंतों से उपकरण लेंगे मुमुक्षु

आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़, कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि मुमुक्षुओं की दीक्षा शनिवार को होगी। दादाबाड़ी में इससे जुड़ी क्रियाएं सुबह 7.15 बजे से शुरू हो जाएंगी। दीक्षार्थी परिवारों ने साधु जीवन के लिए अनिवार्य जो उपकरण संतों को दिए हैं, दीक्षा के बाद वे सभी उपकरण मुमुक्षुओं को दिए जाएंगे। मुमुक्षु इस दौरान नाचते-गाते हुए हर्षोल्लास के साथ साधु भगवंतों से उपकरण लेंगे। फिर सभी मुमुक्षु भेष परिवर्तन के लिए जाएंगे। केश लोच के बाद मुमुक्षुओं का भेष भी बदल जाएगा। फिर वे आजीवन संत की तरह जीवन बिताएंगे। सभी मुमुक्षुओं को नया नाम भी मिलेगा।

### बहुमूल्य वस्तुओं के रूप में किए दान




महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक पुंरदर मिश्रा, लाभचंद बाफना समेत कई जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। दादाबाड़ी पहुंचे सीएम ने साधु-साध्वियों से मिलकर उनकी सुख साता पूछी तथा आशीर्वाद लिया। सीएम इसके बाद शाम की आरती में भी शामिल हुए। तीनों मुमुक्षुओं को विजय तिलक लगाने की बोलियां लगाई गई। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फिर मुमुक्षुओं ने वर्षीदान किया। विभिन्न बहुमूल्य वस्तुओं के रूप में किए गए दान को पाने लोगों में अलग ही होड़ थी। दरअसल, मुमुक्षुओं से मिले इन वस्तुओं का काफी महत्व माना गया है, इसलिए लोगों में इसे हासिल करने की होड़ थी। दोपहर 2 बजे से अंतिम वायना का कार्यक्रम रखा गया। महिला सांझी भी हुई, जिसे सूरत से आई नीपा शाह ने होस्ट किया। जिया शाह ने इस दौरान भक्ति भजनों की प्रस्तुति से मनमोहक समां बांधा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सिटी लाइव

# प्रदर्शनी में बालमन का दर्द लोग देख सकेंगे फेसबुक पर





रायपुर। बालमन का दर्द बयां करती रचनाओं को बालरंग फोटोग्राफी प्रदर्शनी का हिस्सा बनाने की तैयारी है। इसका शुभारंभ घड़ी चौक स्थित कला वीथिका में शनिवार की शाम 6 बजे राजेश स्वर्णकार द्वारा किया जाएगा। इसमें 50 कलाकारों की 58 कृतियों को प्रदर्शनी में शामिल करते हुए उसे लोग घर बैठे देख सकें। सभी कलाकारों की फोटोग्राफी महाकौशल कला परिषद और महाकौशल आर्ट गैलरी की फेसबुक आईडी में भी लोग देख सकेंगे। शासकीय योगानंदनम कॉलेज व कला वीथिका के संयुक्त प्रयास से कला प्रेमियों को यह अवसर मिलेगा। डॉ.प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस तरह का प्रयास कलाकारों को नया मंच देने के लिए किया जा रहा है।

### निर्णायकों ने किया है चयन

रंगीन मोनोक्रोम, ब्लैक एवं व्हाइट, मिश्रित माध्यम से निर्मित रचनाएं देश के कलाकारों ने प्रेषित की और गठित निर्णायक समिति ने इनका चयन प्रदर्शन के लिए किया है। बालरंग पर केंद्रित इस 206वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन महाकोशल आर्ट गैलरी में किया गया है। इस कला प्रदर्शनी के लिए श्वेत-श्याम एवं रंगीन फोटो का इस्तेमाल करके कलाकारों ने रचनाएं तैयार की है। कंप्यूटर ग्रॉफिक रचनाएं, फोटोग्राफ तथा ग्रॉफिक रचनाएं प्रदर्शित हैं।

## धर्म लाइव

# आत्मीय शांति, जीवन में ध्यान संग संतुलन के मिलेंगे टिप्स




रायपुर। शहर के जीई रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में ऋषि चैतन्य ट्रस्ट द्वारा 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक अमृत वर्षा का आयोजन किया जाएगा। इसमें आनंदमूर्ति गुरु मां शाम 5 से 7 बजे तक भागवत गीता में बताए गए कर्म और भाग्य विषय पर प्रवचन देंगी। इसमें शामिल होने के लिए ऋषि चैतन्य ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा व अरुण साव के साथ विधायकों को भी न्योता दिया है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए शुक्रवार को सरिता राठी, मनोज माहेश्वरी, शिखा, संदीप और राधा ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया कि अमृत वर्षा का मुख्य उद्देश्य आत्मीय शांति, जीवन में ध्यान और संतुलन के बारे में लोगों को समझाना है।

### गहन आध्यात्मिक चिंतन

उन्होंने बताया, हरियाणा के गन्नौर स्थित आश्रम की अध्यक्ष आनंदमूर्ति गुरुमां आध्यात्मिक गुरु हैं। वे लोगों को जीवन में सुख, शांति के लिए प्रेरित करेंगी। गुरुमां की शिक्षा और संदेश के जरिए लोगों को सकारात्मक दिशा में मोड़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयत्न करेंगी। गुरु मां करीब 40 वर्षों से देश-विदेश में प्रवचन कर रही हैं। कई बार ध्यान शिविर, प्रज्ञावान प्रवचनों व आत्ममंथन की सरल विधियों के माध्यम से जीवन को नया आयाम दिया है। वेदांग, वेदांत व साधना के गूढ़ विषयों पर आश्रम में अध्ययन भी किया जाता है।

## कैंपस इवेंट

# पर्यावरण युवा संसद में जलवायु परिवर्तन का मुद्दा उठाएंगे विद्यार्थी




रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि में तीसरी राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद के लिए विद्यार्थियों के चयन के लिए स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट के सहयोग से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से दस विद्यार्थियों का चयन किया गया। स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट के चंचल चौबे ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा, आज जलवायु परिवर्तन हमारी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। युवाओं के पास न केवल इसे समझने बल्कि इसे हल करने के लिए कदम उठाने का सामर्थ्य है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को जागरूक बनाना और पर्यावरण संरक्षण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### पर्यावरण संरक्षण हमारी संस्कृति का हिस्सा


सुयश साहू, हुनेश्वरी सिन्हा, किरण, स्वाति, सुरेश साहू, खुशबू वर्मा, दीप्ति वर्मा, जानकी वर्मा, अनमोल तिवारी और खुशी का चयन स्पर्धा के लिए किया गया है। संयोजक डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा, पर्यावरण संरक्षण महज एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे को देखते हुए हमें जागरूकता के साथ-साथ ठोस समाधान की ओर भी ध्यान देना होगा। युवा पीढ़ी इसमें अग्रणी भूमिका निभा सकती है। ऐसे कार्यक्रम छात्रों को न केवल गंभीर मुद्दे को समझने का मौका देते हैं, बल्कि उनके विचारों को मंच प्रदान करते हैं। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. नृपेन्द्र शर्मा, पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. राजेंद्र मोहंती, डॉ. आशुतोष मंडावी, शैलेंद्र खंडेलवाल समेत शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

● गुरुवार संध्या 6.07 पर शुरू हुई अष्टमी, उदया तिथि के आधार पर पूजन आज

# आज पूजे जाएंगे काल भैरव, भक्तों को दिया जाएगा सीमित प्रसाद, जिसे ग्रहण सकें मंदिर में क्योंकि घर ले जाने की मनाही

मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 22 नवंबर को शाम 6 बजकर 7 मिनट पर शुरू हो गई है। इस तिथि का समापन 23 नवंबर को शाम 7 बजकर 56 मिनट पर होगा। उदया तिथि के आधार पर देवी मंदिरों सहित अन्य देवालयों में आज कालभैरव अष्टमी मनाई जाएगी। भगवान शिव के रौद्र रूप काल भैरव की पूजा आज की जाएगी। विशेष श्रृंगार प्रातःकाल से ही किया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती होगी। कई मंदिरों में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया है।



महामाया मंदिर



नवागांव शिवालय सहित सरोना के काल भैरव मंदिर में आज विशेष यज्ञ-पूजन

रायपुर। नारद पुराण में कहा गया है कि काल भैरव की पूजा करने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मनुष्य किसी रोग से लंबे समय से पीड़ित है तो वह बीमारी और अन्य तरह की तकलीफ दूर होती है। काल भैरव की पूजा पूरे देश में अलग-अलग नाम से और अलग तरह से की जाती है। इस बार काल भैरव अष्टमी शनिवार को है, अगहन महीने के चलते इस पर्व पर कंबल दान करना चाहिए। इससे कुंडली में मौजूद राहु-केतु के अशुभ फल में कमी आएगी। भैरव अष्टमी पर कुत्तों को जलेबी और इमरती खिलाने की परंपरा है। ऐसा करने से काल भैरव खुश होते हैं। इस दिन गाय को जौ और गुड़ खिलाने से राहु से होने वाली तकलीफ खत्म होने लगती है।



## कहां, कौन सा आयोजन

### विश्वनाथ मंदिर नवागांव

यहां शनिवार दोपहर 1 बजे से भैरव अष्टमी के विशेष अवसर पर काल भैरव का पंचोपाचार पूजन अभिषेक आरती एवं श्रृंगार कार्यक्रम है। नवागांव स्थित पुरातात्विक महत्व के शिव मंदिर परिसर में ही काल भैरव की प्रतिमा विराजित है। शहद, घी सहित पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा।

### श्री काल तंत्र भैरवनाथ

सरोना स्थित प्राचीन शिव मंदिर के समीप स्थित श्री काल तंत्र भैरवनाथ मंदिर में भी आज विशेष पूजन होगा। मंदिर के पंडित संजय गुप्ता ने बताया कि प्रातःकाल अभिषेक के बाद श्रृंगार आरती होगी भैरव अष्टमी पर महाआरती के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। परंपरानुसार, मदिरा का भोग भी अर्पित किया जाएगा। संध्या समय में भजन स्थानीय लोगों द्वारा किया जाएगा।



### महामाया मंदिर

शहर के अधिकतर देवी मंदिरों में काल भैरव की प्रतिमा विराजित हैं। यहां भी आज विशेष पूजन होंगे। महामाया मंदिर स्थित बटुक भैरवनाथ बाबा मंदिर में विशेष श्रृंगार तथा आरती के बाद इमरती और उड़द दाल से बने व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, यहां पूजन सात्विक विधि से किया जाता है। किंतु यदि कोई भक्त श्रद्धावश मदिरा अर्पित करना चाहते हैं तो उसे पूजन पश्चात भोग अर्पित करते हुए मदिरा लौटा दी जाती है।

### बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर

पुरानी बस्ती स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग के साथ ही काल भैरव की प्रतिमा भी विराजित है। यहां मदिरा का भोग नहीं चढ़ाया जाता है। मंदिर प्रबंधन के अशोक पुरोहित के मुताबिक, यहां सात्विक रूप में काल भैरव की पूजा होती है। प्रसाद के रूप में भक्तों को बूंदी और चूरमा दिया जाएगा। ऐसी मान्यता है कि भैरवनाथ के प्रसाद को घर लेकर नहीं जाया जाता। इसे मंदिर में ही ग्रहण करना होता है, इसलिए भक्तों को इतना प्रसाद ही दिया जाएगा जिसे वे मंदिर परिसर में ग्रहण कर सकें।




# गंगा अवतरण... भावना और कलात्मकता से परिपूर्ण प्रस्तुति

## गंगा के पृथ्वी आगमन का सुंदर चित्रण

रायपुर। बस्तर के अंगादेवा पारंपरिक लोक नृत्य पर जब बच्चों ने लयबद्ध प्रस्तुति दी तो सभी मोहित हो उठे। मौका था शिवोम विद्यापीठ के सांकरा ब्रांच के वार्षिकोत्सव का। यहां बच्चों ने कई राज्यों के लोकनृत्यों पर मोहक प्रस्तुतियां दी। पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित इस सांस्कृतिक उत्सव में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव रहे।






विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। "गंगा अवतरण" में छात्रों का प्रदर्शन मोहक रहा। इसमें इस बात का एक शक्तिशाली चित्रण किया गया कि कैसे देवी गंगा आत्माओं को शुद्ध करने और उन्हें जीवन और मृत्यु के चक्र से मुक्त करने के लिए पृथ्वी पर उतरीं। भावना और कलात्मकता से भरे प्रदर्शन ने गंगा को पवित्रता, क्षमा और मोक्ष के प्रतीक के रूप में दर्शाया।

### सामाजिक परिवेश का चित्रण

छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, गीत, संगीत और एक्ट में सामाजिक परिवेश को छूते विषय सम्मिलित रहे। मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इसके अलावा बच्चों ने प्रकृति के लिए जागरुकता अभियान पर भी प्रस्तुति दी। बच्चों ने कथक की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों व अभिभावकों का मन मोह लिया।

### सीखने की प्रक्रिया में ना पिछड़ें

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि स्कूल की हर गतिविधि में भाग लेना हर स्टूडेंट का कर्तव्य है, इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है और सीखने की प्रक्रिया में कभी पिछड़ना नहीं चाहिए। जिन बच्चों में इस छोटी उम्र में लोगों को बांधने की क्षमता है, वे निश्चय ही बड़े होकर अपने भविष्य को मजबूत बनाएंगे। विशिष्ट अतिथि विजय बघेल ने कहा, शिक्षक छात्रों के विकास के लिए लगातार काम करते हैं। स्कूल के चेयरमैन अवधेश शर्मा, डॉ. नीलिमा शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली सर सहित शिक्षकगण शामिल रहे। प्राचार्य जया बंदेलू ने विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी।

# रविवि के विद्यार्थियों ने जाने आत्मरक्षा के तकनीकी सूत्र



रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के मूल विज्ञान केंद्र में आत्मरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में शारीरिक अध्ययन शाला के प्रो.राजीव चौधरी ने छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के सूत्र और तकनीक का विधिवत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बहुत ही प्रभावी तरीके से तैयार किए गए 10 तकनीक सूत्र छात्र-छात्राओं के समूहों को विधिपूर्वक समझाए। छात्र-छात्राओं को सहज-सरल तरीके से विभिन्न विषम परिस्थितियों से बचने के रक्षात्मक उपाय सिखाए। उन्होंने कहा कि इन विशिष्ट तकनीक का उपयोग कर हम अपनी और समाज की रक्षा कर सकते हैं। इन तकनीक को जानकर छात्र-छात्राओं में सुरक्षा की भावना एवं मनोबल बढ़ता है। संयोजन डॉ. भानूश्री गुप्ता ने किया। डॉ. लक्ष्मीकांत, डॉ. स्मिता शर्मा, डॉ.गिरजा शंकर गौतम सहित मूल विज्ञान केंद्र के शोधार्थी एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स करेंगे एरो मॉडलिंग

*रायपुर। 24 नवंबर रविवार को राजधानी के पुलिस लाइन मैदान पर एनसीसी के स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। एनसीसी के ग्रुप मुख्यालय द्वारा इसे आयोजित किया जा है। एनसीसी कैडेट्स द्वारा मार्च पास्ट, एरो मॉडलिंग शो, घुड़सवारी एवं सेक्शन अटैक की प्रस्तुति दी जाएगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया जाएगा।*

---

'गुड गवर्नेंस' के अंतिम दिन हरिभूमि से प्रशासनिक अधिकारियों ने साझा किया सफर

# बीए-बीएससी के विषयों को ही चुनें यूपीएससी के लिए

कार्नर न्यूज

रायपुर। जीवन में अगर कुछ करने की एक बार ठान लें, तो उस मुकाम को हासिल करने से आपको कोई नहीं रोक सकता है। मैं किसान की बेटी होने के बाद भी आईएएस बन पाई, तो यह मेरे फैमिली से मिले सपोर्ट से ही संभव हुआ। जो युवा यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें मै यही सलाह दूंगी कि खुद पर भरोसा करें तो जीवन में हर परीक्षा वे पास कर सकते हैं। यह कहना है उत्तराखंड की आईएएस रीना जोशी का। कुछ इसी तरह की यादें हरिभूमि के साथ अपने-अपने राज्यों में बतौर प्रशासक बागडोर संभालने वाले आईएस ने साझा किए। केंद्र एवं छग सरकार के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर स्थित होटल फेयर-वे में 21 व 22 नवंबर को आयोजित गुड गवर्नेंस के रीजनल कॉन्फ्रेस का 150 से ज्यादा आईएएस पहुंचे रहे। अलग-अलग राज्यों में पहुंचे आईएएस ने अपने क्षेत्र में किए गए नवाचार और उसे साकार करने के दौरान आई दिक्कतों के बारे में अनुभव साझा किए। इसके लिए हर दिन सुबह 10 से शाम 5 बजे के बीच दो सत्र संचालित किए गए। इनमें अतिथि वक्ताओं ने शासन व प्रशासन के बीच किस तरह का तालमेल होना चाहिए, यह भी बताया। शुक्रवार को कॉन्फ्रेंस के समापन से पहले आईएएस से उनके यहां तक के सफर को लेकर हरिभूमि ने चर्चा की, इसमें कई तरह की रोचक बातें भी सामने आईं।

### हावी ना होने दें आर्थिक दिक्कतों को



उत्तराखंड की आईएएस रीना जोशी ने आगे कहा, लक्ष्य तक पहुंचने के लिए दिन-रात मेहनत करें। बीएससी या बीए की पढ़ाई के दौरान लिए गए विषयों को ही मुख्य विषय के लिए चुनें। इससे सिविल सर्विसेस की तैयारी में आसानी होगी। कुछ लोग होते हैं, जो आर्थिक दिक्कतों व संसाधनों के अभाव में भी निखरते और ऊंचे ओहदे तक पहुंचते हैं। मैं खुद किसान परिवार की बेटी हूं, मगर मेरे सामने आर्थिक दिक्कतें या फिर कोई बड़ी चुनौती नहीं रही। बेटी हूं, इसलिए मुझे फैमिली सपोर्ट की जरूरत थी, जो मिला। माता-पिता के भरोसे को कायम रखते हुए परीक्षा की तैयारी पर फोकस किया। पहली बार में ही प्रतियोगी परीक्षा पास की।

### अलग-अलग हिस्सों में करें तैयारी



उत्तर प्रदेश की आईएएस नम्रता वृष्णि ने कहा कि जो युवा सिविल सर्विसेस की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें आईएएस बनने के लिए मुख्य विषय की तैयारी अलग-अलग पार्ट में करनी चाहिए। इसके लिए बेहतर होगा कि मेन सब्जेक्ट का चयन स्नातक के दौरान ही तय करें। इससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान अलग से मेहनत करने की जरूरत नहीं होगी। कहने का मतलब यह है कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास करते ही जीवन में वे खुद को किस मुकाम पर देखना चाह रहे हैं, यह तय करके तैयारी पर फोकस करें। तैयारी के दौरान फैमिली का सपोर्ट बेहद जरूरी है। खुद पर युवाओं को भरोसा करना होगा।

### देश-विदेश की घटनाओं को लेकर रहें उत्सुक



जम्मू-कश्मीर के आईएएस डॉ. रमन जंडियाल ने बताया कि मन में कुछ करने का सोचे तो उसे पूरा करने के लिए जोश के साथ प्रयास करें। जैसे जिस खेल में रुचि होती है, उसके हर पहलू के बारे में जानने और समझने का प्रयास करते हैं। ठीक, उसी प्रकार सिविल सर्विसेस की परीक्षा को पास करने के लिए भी मूल विषय की तैयारी पूरी ताकत के साथ करें। इसके अलावा देश-विदेश में होने वाली घटनाओं को कंटेंट के रूप में देखे और उससे जुड़ी हर जानकारी को लेकर नोटबुक तैयार करें। इसके साथ ही संभव हो तो ऐसे दोस्तों को अपना प्रतिद्वंदी बनाएं, जो सिविल सर्विसेस की तैयारी करने के साथ आपसे पढ़ाई में बेहतर हों।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कूच बेहार ट्रॉफी में छतीसगढ़ के विकल्प की शानदार पारी



रायपुर। बीसीसीआई की ओर से मेंस अंडर-19 कूच बेहार ट्रॉफी 2024 का आयोजन 06 नवंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा चार दिवसीय (20-23 नवंबर) मैच थेनी, तमिलनाडु में तमिलनाडु अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन तमिलनाडु अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 100 ओवरों में 10 विकेट खोकर 220 रन बनाये। तमिलनाडु की ओर से नवीन ने 83 रन तथा अक्षय ने 63 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक तथा अंकित कुमार सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 36.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर मात्र 101 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रथम जाचक ने 39 रन तथा विकल्प तिवारी ने 29 रनों का योगदान दिया। वहीं तमिलनाडु की ओर से हेमचुडेशन ने 5 विकेट तथा प्रणव ने 3 विकेट प्राप्त कियें। तमिलनाडु ने अपनी दुसरी पारी में 60.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 224 रन बनाये। तमिलनाडु की ओर से किरण कार्तिकेयन ने 62 रन तथा प्रवीन ने 53 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 3 विकेट, विकल्प तिवारी एवं आदित्य श्रीवास्तव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम अपनी दुसरी पारी में 39.2 ओवरों में 148 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी ने 71 रन तथा प्रथम जाचक ने 29 रन बनाये। विकल्प तिवारी ने 71 रन तथा प्रथम जाचक ने 27 रन बनाये। वहीं तमिलनाडु की ओर से हेमचुडेशन ने 5 विकेट तथा किशोर ने 3 विकेट प्राप्त कियें। तमिलनाडु ने मैच 195 रनों से जीत लिया।

### अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस आज से, ओलंपियन हाकी खिलाड़ी दानिश भी आये



रायपुर। 46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा का आगाज 23 नवंबर को होगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति इसकी मेजबानी कर रहा है। इसमें विभिन्न प्रदेशों की विद्युत कंपनियों की नौ टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी दानिश मुज्तबा यहां यूपी टीम के मैनेजर के तौर पर पहुंचे हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव 25 नवंबर को समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे। स्पर्धा का उद्घाटन समारोह कल 23 नवंबर को 11.30 बजे छछानपैरी स्थित एपीआईसीईएम टेनिस कोर्ट में होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार होंगे तथा प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह 25 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। इस स्पर्धा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, असम, कर्नाटक, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडू, केरल, कोलकाता, तेलंगाना राज्य से विद्युत कंपनियों की टीमें शामिल होंगी। उत्तरप्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड में खेल अधिकारी के पद पर काम करते हुए दानिश मुजतबा को दो बार भारतीय ओलम्पिक हॉकी टीम में खेलने का मौका मिला। वे यूपी की टीम के मैनेजर बन कर आये है।

### अंडर-14 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट का चैम्पियन बना रायपुर



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 में 8 टीम ने हिस्सा लिया। टुर्नामेंट में फायनल मैच प्लेट कंबाइंड एवं रायपुर के मध्य धमतरी में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 59.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 160 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से लवकेश यादव ने 44 रन तथा प्रेम परिपूर्ण तिवारी ने 36 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से दिव्यांश राजपाल ने 6 विकेट तथा दिव्यांश सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने अपनी पहली पारी में 89.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाये। रायपुर की ओर से अंशुमन ठाकुर ने सर्वाधिक 41 रन, यतार्थ तथा आर्यन ने 25-25 रन बनाये। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से चंद्रप्रकाश ने 4 विकेट तथा अंकुश ने 2 विकेट प्राप्त किये। प्लेट कंबाइंड ने अपनी दुसरी पारी में 50 ओवरों में 10 विकेट खोकर 132 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से मनन देवांगन ने 63 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से अजान आलम ने 4 विकेट, दिव्यांश राजपाल ने 3 विकेट तथा आर्यन ने 2 विकेट प्राप्त किये।

हार्मोन असंतुलन के लक्षणों पर महिलाओं को जरूर देना चाहिए ध्यान

# हार्मोन का बिगड़ता संतुलन घातक साबित हो सकता है शरीर के लिए, रहें सावधान

महिलाओं के शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होने पर इसके कई लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों को अक्सर महिलाएं इग्नोर कर देती हैं। कई बार महिलाएं इन लक्षणों के पीछे का असली कारण नहीं समझ पाती हैं। जिसके चलते उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। शरीर के कई फंक्शन्स पर हार्मोन्स के उतार-चढ़ाव का असर होता है। खासकर महिलाओं के लिए हार्मोन्स का बैलेंस होना जरूरी है। पीरियड्स का हैवी होना, पीएमएस में दिक्कत, नींद आने में मुश्किल और भी कई संकेत हैं, जो अलग-अलग हार्मोन के उतार-चढ़ाव की ओर इशारा करते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि हार्मोनल इंबैलेंस के किन 4 लक्षणों पर महिलाओं को जरूर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। मनप्रीत ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।





### महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस के लक्षण



अगर शरीर में एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ा हुआ है, तो हैवी पीरियड्स, सिरदर्द, पीरियड्स में बहुत अधिक दर्द और कब्ज हो सकती है।यह हार्मोन महिलाओं के रिप्रोडक्टिव ऑर्गन से जुड़ा है और महिलाओं की हेल्थ के लिए इसका सही लेवल में होना बहुत जरूरी है। महिलाओं में इस सेक्स हार्मोन के कम या ज्यादा होने पर कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसका लेवल कम होने पर रात को पसीना आना, डिप्रेशन, वजाइना का ड्राई होना और यौन इच्छा में कमी जैसे संकेत नजर आ सकते हैं।

प्रोजेस्टेरोन भी एक सेक्स हार्मोन है। इसकी कमी होने पर एंग्जायटी, पीएमएस में अधिक मुश्किल और पीरियड्स में स्पॉटिंग हो सकती है। इसकी कमी होने पर बहुत अधिक थकान, सिरदर्द और थकावट (थकान के कारण) जैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं। प्रोजेस्टेरोन हार्मोन कंसीव करने के लिए भी जरूरी होता है। हर महीने ओव्यूलेशन के बाद अंडाशय में यह हार्मोन उत्पन्न होता है।इसका लेवल बहुत अधिक बढ़ना भी सही नहीं है। इससे एक्ने, ऑयली स्किन, चेहर पर अनचाहे बाल और बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। तनाव अधिक होने पर शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन की मात्रा बढ़ने लगती है। इसके बढ़ने पर थकान, कमजोरी और ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।

## स्टील के पैन पर नहीं चिपकेगा खाना अगर करेंगे जरूरी उपाय

ज्यादातर घरों में पैन खाना चिपकने की वजह से खराब होने लगते हैं, मगर इन समस्याओं से निपटने के लिए बहुत छोटी-छोटी और आसान ट्रिक्स ही काफी हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा कुछ हो रहा है तो ये ट्रिक्स आपके काम जरूर आएंगी।

### स्टील के पैन को नॉन स्टिक पैन में बदलें

यह आपको सुनने में थोड़ा अजीब लग



सकता है, लेकिन यह हम नहीं बल्कि मास्टर शेफ पंकज भदौरिया कह रही हैं। जी हां, अभी हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक बेहद आसान तरीका शेयर किया है, जिससे आपका स्टील पैन नॉन स्टिक पैन की तरह काम करेगा। इसके लिए स्टील के पैन को तेज गर्म करें। फिर पैन पर पानी के कुछ छींटें मार लें। अगर छींटे मारने पर पानी की बूंदे मोतियों की तरह उछलती दिखें, तो इसका मतलब है कि आपका पैन तेज गर्म हो चुका है। इसके बाद, पैन में दो से तीन बूंद तेल की डालें और एक टिशू की मदद से पैन पर फैला लें। आपका स्टीन पैन नॉन स्टिक पैन बन कर तैयार है।


### सब्जी को पहले नमक के पानी में उबाल लें


आप सोच रहे होंगे कि सब्जी उबालने का पैन में खाना चिपकने से क्या मतलब? बता दें ताल्लुक है...पैन में खाना तब चिपकता है जब खाना बिल्कुल सूखा होता है। इसके लिए अगर ज्यादा तेल इस्तेमाल करेंगे, तो यह हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होगा। ऐसे में बेहतर है कि सब्जी को पहले उबाल लिया जाए, ताकि गीलापन पैन में सब्जी को न चिपकने दें। इसलिए बेहतर होगा कि आप गंठल वाली सब्जी को नमक के पानी में उबाल लें और फिर पैन में तमाम मसाले डालकर पकने के लिए छोड़ दें। उबालकर पैन में सब्जी बनाने से न सिर्फ आपको टाइम बचेगा, बल्कि गैस भी कम खर्च होगी।

### पैन में खाना बनाते वक्त हल्की आंच का इस्तेमाल करें

पैन में खाना बनाते वक्त हमेशा हल्की आंच रखें। हल्की आंच रखने से न सिर्फ आपका खाना अच्छी तरह से बनेगा, बल्कि नीचे चिपकेगा भी नहीं। वहीं, अगर आप तेज आंच रखेंगी तो खाना ऊपर से तो पक जाएगा, लेकिन अंदर से कच्चा रहेगा।

## अपने घर में इन पक्षियों की तस्वीरें लगाना हो सकता है शुभ, आजमाएं





वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में वास्तु दोषों से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। अगर आप भी घर में सुख-शांति और आर्थिक स्थिति को ठीक करने के कुछ उपाय ढूंढ रही हैं, तो आप दो पक्षियों की तस्वीर अपने घर में लगा सकते हैं। आइए इस बारे में ज्योतिषाचार्य से विस्तार से जानते हैं। घर को खूबसूरत बनाने के लिए कई लोग अपने कमरे में तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम लगाते हैं। फूलदान से लेकर सुंदर-सुंदर तस्वीरों तक दीवारों पर लगाते हैं। इससे कई बार घर में कलह-क्लेश या आर्थिक तंगी भी होती है, लेकिन लोग ये नहीं समझ पाते हैं कि इसके पीछे कारण क्या है। दरअसल, परेशानी के पीछे कई बार घर का वास्तु दोष भी होता है। आपको बता दें कि यह कोई नई बात नहीं है। वास्तु दोष और इससे होने वाली परेशानी कभी भी किसी के साथ भी हो सकती है। अगर आपके जीवन में भी इन दिनों आर्थिक परेशानी चल रही है, पैसे तो कमा रहे हैं लेकिन घर में टिक नहीं रहे हैं या बार-बार कर्ज लेना पड़ रहा है, तो आप आपको वास्तु शास्त्र में बताए गए कुछ तस्वीरों को अपने घरमें लगाना शुभ हो सकता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में किन पक्षियों की तस्वीर लगाना शुभ माना जाता है आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से जानते हैं।

**घर में लगाएं इन दो पक्षियों की तस्वीर-** ज्योतिषाचार्य के अनुसार, अगर घर में आर्थिक समस्या चल रही है और लगातार कर्ज लेने की स्थिति बन रही है, तो यह वास्तु दोष के लक्षण हो सकते हैं। इससे बचने के लिए आप घर की दीवार पर मोर पंख और नीलकंठ इन दो पक्षियों की तस्वीर लगा सकते हैं।



## खुश रहने के लिए अपनाएं ये तरीके, जीवन में आएगी बहार

क्या आप खुश रहते हैं? ये सवाल जितना आसान और छोटा है। इसका जवाब ही लोग उतना घुमाकर देते हैं। दरअसल, शायद ही कोई ऐसा हो जो इस जिंदगी में पूरी तरह खुश हो, क्योंकि कोई न कोई टेंशन उनको खुश नहीं रहने देती। कभी काम की टेंशन, कभी पार्टनर की टेंशन, कभी घर की समस्या या कभी अपनी किसी पर्सनल दिक्कत को लेकर परेशान रहते हैं और फिर खुश नहीं रह पाते। पर शायद आप ये नहीं जानते कि खुश रहना है या नहीं, ये सब आप पर ही निर्भर करता है। आप चाहें तो कुछ बातों का ध्यान रखकर और कुछ तरीकों को अपनाकर खुश रह सकते हैं। तो चलिए जानते हैं ये कौन से तरीके हैं, जिनसे आप खुश रह सकते हैं। अगली स्लाइड्स में आप इस बारे में जान सकते हैं... खुश रहने के लिए इन बातों का रख सकते हैं ध्यानः-

### नेगेटिव लोगों से रहें दूर

अगर आप खुश रहना चाहते हैं, तो सबसे पहले तो इस बात का ध्यान रखें कि ऐसे लोगों से दूर रहें जो गलत हैं बुरे हैं। दरअसल, जो लोग नेगेटिव होते हैं वो खुद तो खुश रहते नहीं और वो आपको भी नहीं रहने देते। इसलिए ऐसे लोगों के बीच रहें जो पॉजिटिव हों।

### अपनी पसंद को दें समय



हमेशा वो काम करें, जिसे करने में आपको खुशी मिलती है। कई लोग बिना खुशी के भी काम करते रहते हैं, लेकिन इसकी जगह आप वो कर सकते हैं जिससे आपको खुशी मिले। जैसे- अगर आपको पेटिंग पसंद है, कुछ लिखना पसंद है आदि, तो आप ये काम कर सकते हैं। ऐसा करने से आप खुश रह सकते हैं।

### दोस्तों से बात करें


हर किसी के जीवन में कोई न कोई ऐसा दोस्त या ऐसा व्यक्ति होता है, जिसके पास बैठकर, जिससे बात करके उसे खुशी मिलती है। ऐसे में आप भी अपने उसी दोस्त के साथ समय बिता सकते हैं और खुद को खुश रखने की तरफ एक कदम बढ़ा सकते हैं।

### सकारात्मक माहौल बनाएं

कई चीजें ऐसी होती हैं जो हमें बेहद खुशी देती हैं। जैसे- कोई तस्वीर, कोई याद आदि। ऐसे में आप उस सकारात्मक याद को अपने आसपास रख सकते हैं। जैसे- अगर कोई तस्वीर है, तो ऑफिस की या घर की टेबल पर उसे लगा सकते हैं या आप अपने घर में कोई नया पौधा लगा सकते हैं आदि। इससे आपका और आसपास का माहौल खुशनुमा बना रहने में मदद मिल सकती है।

























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## द इक्वलाइजर का स्पिनऑफ लाने की तैयारी, दो नए किरदार मचाएंगे धमाल



सीबीएस की मशहूर सीरीज द इक्वलाइजर मौजूदा समय में एक स्पिनऑफ की तरफ बढ़ रही है। इस सीरीज में क्वीन लतीफा ने मुख्य भूमिका निभाई है। उनके किरदार का नाम रॉबिन मैककॉल है। वह सीआईए की पूर्व सदस्य है और अपनी कुशलता का उपयोग उन लोगों के लिए करती है, जिसके पास कोई सहारा नहीं है। सूत्रों के मुताबिक इस सीरीज के 516वें एपिसोड में दो नए किरदारों से परिचय कराया जाएगा, जो आगे चलकर अपनी खुद की सीरीज का आधार बन सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस समय दो नए किरदारों के लिए कास्टिंग चल रही है। पहला किरदार एक युवा महिला को है जो मार्शल आर्टिस्ट, एक हथियार विशेषज्ञ और आपराधिक केस को सुलझाने में माहिर है। वह मैककॉल से मदद लेने के लिए संपर्क करती है और दूसरा, एक उम्रदराज पुरुष का किरदार है जो एक पूर्व सीआईए सदस्य होगा। ये दोनों किरदार मौजूदा सीरीज की अतिथि भूमिका में होंगे, लेकिन यदि स्पिनऑफ प्रोजेक्ट आगे बढ़ता है तो इन किरदारों पर नियमित सीरीज बनने की संभावना भी है। स्पिनऑफ पर काम अगर आगे बढ़ता है तो दो मुख्य पात्रों वाला यह शो साल 1985 की इक्वलाइजर सीरीज, वर्तमान सीबीएस रीबूट और साथ ही इस पर बनी फिल्मों से अलग होगा। मौजूदा समय में सीबीएस अपनी स्पिनऑफ योजना में एक अधिक अनौपचारिक दृष्टिकोण अपना रहा है, जिसमें मुख्य शो की नियमित कड़ियों में ही संभावित स्पिनऑफ पात्रों को पेश किया जा रहा है।

### टॉलीवुड

## चेन्नई के छात्र ने 'अमरण' के निर्माताओं पर किया केस, जानें क्यों मांगा 1.1 करोड़



चेन्नई के एक इंजीनियरिंग छात्र वीवी वागीसन ने तमिल फिल्म 'अमरण' के निर्माताओं को कानूनी नोटिस जारी किया है। उन्होंने फिल्म में उनके निजी मोबाइल नंबर के उपयोग के कारण हुई परेशानी के लिए मुआवजे के रूप में 1.1 करोड़ रुपये की मांग की गई है। 31 अक्तूबर, 2024 को रिलीज हुई शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी स्टारर इस फिल्म के एक सीन में छात्र का नंबर दिखाए जाने के बाद हंगामा शुरू हो गया, जिसके बाद कई प्रशंसकों ने इसे साईं पल्लवी का नंबर समझकर कॉल करना शुरू कर दिया। यह घटना तब हुई जब वागीसन अपने परिवार के साथ दीवाली मना रहे थे। अचानक से उनके फोन पर अननोन नंबर से कई कॉल आने लगीं। फोन को लगातार बजता देखकर पहले तो वह भ्रमित हुए। उन्होंने कॉल म्यूट कर दी, लेकिन अगले दिन रुकावटें बढ़ गईं। वॉइस मैसेजेस को सुनने के बाद उन्हें पता चला कि उनका नंबर फिल्म 'अमरण' के एक मुख्य सीन में दिखाया गया था। फिल्म में फोन नंबर देखकर दर्शक यह मानने लगे कि यह साई पल्लवी का नंबर है। फिर क्या था लोगों ने नंबर पर बैक टू बैक कॉल करनी शुरू कर दी। इसके कारण वागीसन की दिनचर्या गंभीर रूप से बाधित होने लगी। छात्र ने साझा किया, 'मैं बिना किसी बाधा के सो नहीं सकता, पढ़ाई नहीं कर सकता या यहां तक कि कैब बुक करने जैसी आवश्यक सेवाओं का उपयोग भी नहीं कर सकता।' वागीसन ने शुरुआत में फिल्म के निर्देशक राजकुमार पेरियासामी और मुख्य अभिनेता शिवकार्तिकेयन को सोशल मीडिया पर टैग किया और उनसे मदद मांगी। हालांकि, फिल्म निर्माताओं की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर, उन्होंने कानूनी कार्रवाई करने का फैसला किया। अपने वकील के माध्यम से, वागीसन ने मांग की कि उनका फोन नंबर फिल्म से हटा दिया जाए ।

### भोजपुरी

## खेसारी संग वर्कआउट का वीडियो ट्रोल हो गई अभिनेत्री आकांक्षा



खेसारी लाल यादव और अभिनेत्री आकांक्षा पुरी एक वीडियो के कारण ट्रोलिंग का शिकार हो गए। आकांक्षा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वर्कआउट वीडियो साझा किया, जिसमें खेसारी भी नजर आए। वर्कआउट ऐसा था कि सोशल मीडिया यूजर्स ने दोनों को ट्रोल कर दिया।

अभी कुछ दिनों पहले ही खेसारी लाल यादव और आकांक्षा पुरी का एक भोजपुरी गाना 'लटक जईब' रिलीज हुआ। इस गाने को भोजपुरी गीतों के श्रोताओं ने काफी पसंद किया। इसी गाने पर यह दोनों कलाकार एक वर्कआउट सेशन करते हुए साथ में नजर भी आए। लेकिन वीडियो में वर्कआउट कुछ अटपटा किस्म का नजर आया। यह वर्कआउट तो खेसारी और आकांक्षा के फैंस को भी नहीं भाया। फैंस ने उन्हें ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर साझा ना करने की सलाह तक दे डाली। वर्कआउट का वीडियो आकांक्षा पुरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया। इस वीडियो में वर्कआउट के नाम पर खेसारी और आकांक्षा की नजदीकियां ज्यादा नजर आ रही हैं। पहले खेसारी एक एक्सरसाइज करने के लिए जिम मशीन पर लटक जाते हैं, अचानक आकांक्षा भी उनके साथ इस मशीन पर लटक जाती हैं। इस वीडियो पर इन दोनों का हिट गाना 'लटक जईब' भी बैकग्राउंड में सुनाई देता है। इस वीडियो के साथ आकांक्षा ने एक कैप्शन भी लिखा है-'हमारे स्टाइल का लटक जाईब।'

### पुरुषों का जलवा

लाइफ स्टाइल



फैशन की दुनिया में सिर्फ महिलाएं अपना वर्चस्व रखती हैं, ऐसा नहीं है। आज पुरुषों का फैशन वीक भी सुर्खियां बटोरता है। इस साल जून की शुरुआत में लंदन और फ्लोरेंस में मेंस फैशन वीक के सफल शो हो चुके हैं। अब जल्द ही पेरिस में शो होना है। इन शो को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं

## दांतों को सफेद और चमकदार बना देंगे घरेलु उपाय, आप भी आजमाइए

दांत सिर्फ खाना चबाने के काम नहीं करते बल्कि आपके चेहरे की सुंदरता को भी बढ़ाते हैं। दांतों की बनावट या रंग में किसी भी तरह का बदलाव आपकी सूरत को बिगाड़ सकता है। सफेद और मोती जैसे चमकने वाले दांत भला किसे पसंद नहीं हैं। कई बार खाने-पीने की गलत आदतों की वजह से दांतों पर पीली परत जम जाती है जिसे टार्टर या प्लेक कहा जाता है।

टार्टर खाने-पीने की चीजों से बनी एक पीली परत होती है, जो धीरे-धीरे दांतों पर चिपक जाती है। यह मसूड़ों की जड़ में पहुंचकर उन्हें खोखला कर सकती है। इससे आपके दांत पीले हो जाते हैं, साथ ही यह मुंह से बदबू आने, मसूड़ों में खून आना, दांतों के कमजोर होने, पायरिया और दर्द जैसी समस्याओं का कारण बनता है।

पीले दांतों को सफेद कैसे करें? कई बार देखा गया है कि रोजाना ब्रश करने और महंगे टूथपेस्ट यूज करने के बाद भी बहुत से लोगों के दांत पीले ही रहते हैं। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको दिन में दो बार ब्रश करने के अलावा नीचे बताए घरेलू उपाय भी आजमाने चाहिए। एनसीबीआई पर छपे एक अध्ययन के अनुसार, बेकिंग सोडा दांतों की सतह से दाग हटाने में मदद करता है जबकि हाइड्रोजन पेरोक्साइड एक नैचुरल ब्लीचिंग एजेंट है जो बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है। एक बड़ा चम्मच बेकिंग सोडा और दो बड़े चम्मच हाइड्रोजन पेरोक्साइड लें। दोनों को अच्छी तरह मिक्स कर लें। अपने दांतों को नियमित रूप से ब्रश करने के लिए इस पेस्ट का प्रयोग करें। ऑयल पुलिंग भारत में दांतों को सफेद किया जाने वाला एक पारंपरिक उपाय है। इससे पूरे मुहं की तकलीफ दूर होती है। ऑयल पुलिंग करने के लिए आपको अपने मुंह में तेल लेकर चारों तरफ घुमाना है। इसके लिए सूरजमुखी तेल, तिल का तेल नारियल तेल का इस्तेमाल करें। ऑयल पुलिंग करने के लिए तेल का एक बड़ा चम्मच लें और इसे अपने मुंह में 15 से 20 मिनट के लिए घुमाएं। एक केला, संतरा या नींबू का छिलका लें और इसे धीरे-धीरे अपने दांतों पर रगड़ें। करीब 2 मिनट तक इसे मलते रहें, फिर अच्छी तरह से अपना मुंह धो लें और अपने दांतों को ब्रश कर लें।




## साड़ी से लेकर शरारा तक काम आएंगे ब्लाउज के खास डिजाइंस



फैशन

लुक को आकर्षक बनाने के लिए आपको आउटफिट के डिटेलिंग के हिसाब से आपको चीजों को स्टाइल करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करें।साड़ी से लेकर लहंगे तक के साथ तरह-तरह के डिजाइन के ब्लाउज को पहना जाता है। वहीं फैशन इंडस्ट्री रोजाना कोई न कोई नया डिजाइन लेकर मार्केट में आ रही है। इसके चलते आजकल सेलिब्रिटीज के डिजाइनर लुक्स को देखकर हम काफी प्रभावित हो जाते हैं और इन्हीं की तरह बोल्ड लुक को स्टाइल करना चाहते हैं।



अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप ब्लाउज को स्टाइल लुक के हिसाब से करें। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के कुछ बोल्ड डिजाइंस जिन्हें आप साड़ी, शरारा या लहंगे तक के साथ सिले कर सकती हैं।

### टर्टल नेक डिजाइन ब्लाउज

देखने में टर्टल नेकलाइन काफी क्लासी लुक देने में सहायता करती है। वहीं इस तरह के ब्लाउज के साथ आप बॉर्डर वर्क साड़ी से लेकर हैवी शरारा तक को स्टाइल कर सकती हैं। वहीं अगर आप ब्लाउज की जगह पर टर्टल नेक टॉप को पहन रही हैं तो इसके लिए आप मॉडर्न लुक वाली प्लेन स्कर्ट को भी पहन सकती हैं।

### हॉल्टर नेक डिजाइन ब्लाउज

स्लीवलेस लुक स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरह से लेस वर्क वाली स्ट्रिप्स ब्लाउज पर लगवा सकती हैं। इसके लिए आप हॉल्टर या सिंपल स्टाइल में स्ट्रिप्स को लगवा सकती हैं। अगर आपकी ब्रेस्ट साइज हैवी है तो आप स्ट्रिप्स के लिए चौड़े पट्टे को बनवाएं। साथ ही इस तरह के ब्लाउज के साथ आप बालों के लिए स्लीक हेयर स्टाइल को चुनें और मिनिमल ज्वेलरी लुक स्टाइल करें।

### ब्रालेट डिजाइन ब्लाउज

अगर आप एक्स्ट्रा बोल्ड लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह के स्टाइलिश ब्लाउज को चुन सकती हैं। इस तरह का ब्लाउज आप साटन से लेकर सीक्वेन साड़ी डिजाइन की साड़ी के साथ पहन सकती हैं। अगर आप इस तरह का ब्लाउज कस्टमाइज करवा रही

## इस मॉइश्चराइजिंग क्रीम से बच्चों जैसे मुलायम होंगे हाथ

रूखे हाथ किसे अच्छे लगेंगे? हम आपको आपके हाथों को मुलायम बनाने के टिप्स बता सकते हैं। घर पर एक ऐसी क्रीम बनाएं, जो चंद दिनों में हाथों की त्वचा को सुंदर और सॉफ्ट दिखाने में मदद करेगी। क्या सर्द हवाओं की मार आपकी त्वचा को भी प्रभावित कर रही है? रूखी त्वचा की शिकायत अगर आपको भी ज्यादा रहती है, तो फिर अपने स्किन केयर रूटीन में एक अच्छी मॉइश्चराइजिंग क्रीम शामिल जरूर करें। एक अच्छी हैंड क्रीम आपकी त्वचा को आवश्यक पोषण प्रदान करेगी और त्वचा को अंदर तक नरिश कर मुलायम बनाएगी।

काम कर-करके खराब हुए हाथों के लिए आप घर पर ही एक बेहतरीन मॉइश्चराइजिंग क्रीम तैयार कर सकते हैं। फटे हुए हाथ और नकल्स में पड़े निशानों के लिए भी यह क्रीम अच्छी साबित हो सकती है। इसके लिए आपको बॉडी बटर का इस्तेमाल करना है। बॉडी बटर शरीर को जरूर पोषक तत्व पहुंचाते हैं और लंबे समय तक आपकी स्किन को हाइड्रेट और नरिश करते हैं। इस क्रीम को बनाना आसान है और आप इसे लंबे समय तक स्टोर करके भी रख सकती हैं।



### मॉइश्चराइजिंग क्रीम बनाने का तरीका-

एक कटोरे में विटामिन-ई ऑयल और एसेंशियल ऑयल छोड़कर सारी सामग्री को एक-एक करके डालें और पहले मिला लें। अब हैंड मिक्सर की मदद से मिश्रण को अच्छी तरह से मिलाएं। इसके बाद इसमें एसेंशियल ऑयल और विटामिन-ई ऑयल डालकर फिर 1 मिनट तक बीट करके क्रीम तैयार कर लें। इस क्रीम को कुछ देर के लिए फ्रिज में रख लें।

आप इस क्रीम को सुबह नहाने के बाद लगा सकते हैं, लेकिन अच्छा रहेगा कि आप इसे रात को सोने से पहले लगाएं।


## स्किन केयर रूटीन से आप पा सकती हैं अरेबियन महिलाओं जैसी मखमली त्वचा

अरेबियन महिलाओं की फ्लॉलेस त्वचा देखकर हमारा भी मन उनकी तरह दिखने का होने लगता है। हालांकि, आपको बाय बर्थ जो रंग और स्किन टेक्श्चर मिला है, उसे आप पूरी तरह से बदल नहीं सकती हैं मगर आप अरेबियन स्किन केयर रूटीन से अपनी त्वचा को निखार एवं संवार सकती हैं।

इस बारे में हमने ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ से बात की है। वह हमें कुछ ऐसी ही होम रेमेडीज बताने जा रही हैं, जो अरेबियन महिलाओं के स्किन केयर रूटीन का हिस्सा है और भारत में भी आप उन्हें आसानी से अपना सकती हैं।

**हम्माम बाथ :** हम्माम बाथ स्टीम और सोहना बाथ की तरह ही होती है। स्नान करने का यह टर्किश तरीका है। वैसे पहले के समय में तो कई सारी औरतें मिल कर स्टीम बाथ लेती थीं। आज के समय में यह संभव नहीं है। मगर स्टीम बाथ त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इससे त्वचा पर चढ़ी डेड स्किन की परत रिमूव हो जाती है। स्किन पोर्स ओपन हो जाते हैं और उनमें फंसी गंदगी भी साफ हो जाती है।

इतना ही नहीं, स्टीम बाथ लेने से त्वचा में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा हो जाता है, जिससे त्वचा में ग्लो आता है और रंग भी निखर जाता है। हम्माम बाथ रोजाना लेना आसान नहीं होगा, मगर आप हफ्ते में 1 बार यदि इस तरह से नहाती हैं तो आपकी त्वचा को बहुत लाभ मिलेगा। जाहिर है कि आपका वॉशरूम स्टीम बाथ के हिसाब से नहीं बना होगा, इसलिए आप इसके स्थान पर हॉट टॉवल बाथ ले सकती हैं।



### कार्नर न्यूज

### फैशन-स्टाइल के मामले में छोड़नी होगी झिझक

## फैशन के मामले में संकोच न करें नौजवान ट्रेंड के हिसाब से ऐसे करें खुद को तैयार

यह सच है कि लड़कों को कुछ बातों को लेकर झिझक और शर्म आती है। इस वजह से वह अपना आत्मविश्वास खोते हैं। जबकि हमें उन बातों को लेकर शर्म करने की आवश्यकता नहीं है। इस तरह की चीजों का सामना अधिकतर लड़के या पुरुष करते हैं। उनको फैशन-स्टाइल की कुछ बातों को लेकर शर्म महसूस होती है। वहीं जो लोग इससे आगे निकल जाते हैं उनको किसी तरह की दिक्कत नहीं होती। इसलिए हम चाहते हैं कि आप भी उन बातों को छोड़कर आगे निकलें। चलिए हम उन बातों को जान लेते हैं। आखिर हमें फैशन की किन बातों को लेकर शर्माना नहीं चाहिए-

### पुराने कपड़े पहनने में

पुराने कपड़े पहनने को लेकर कई लड़के शर्म करते हैं। जबकि इसमें शर्माने वाली कोई बात नहीं है। अगर आप हर माह या हर सीजन के लिए नए ड्रेस खरीदने में सक्षम हैं तो कोई बात नहीं। मगर ये हर किसी के लिए संभव नहीं है।

इसलिए अगर आपके पास पुराने ड्रेस हैं तो पहनने में शर्माए नहीं। कई बार जैसे कपड़े धुले न हो, आयरन किए न हों, सूख न पाए हों तो ऐसे में पुराने कपड़े को पहनकर हम बाहर निकलने से हिचकिचाते हैं। जबकि, उनको पहनने में शर्म महसूस करने की जरूरत नहीं।



हम तो ये कहेंगे कि आप उन कपड़ों को भी अच्छी तरह कैरी कर के जाएं। आपके आत्मविश्वास के आगे लोगों की नजर कपड़े पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगी।

### न्यू लुक ट्राय करने में

नया भला किसे पसंद नहीं है। नए ड्रेस से लेकर बाइक, लैपटॉप, मोबाइल सब कुछ न्यू पसंद है। लेकिन न्यू लुक ट्राय करने के मामले में लड़के पीछे रह जाते हैं। जबकि वहीं पर लड़कियां हमेशा नए लुक के साथ आगे निकल जाती हैं। हमें ऐसी कई बातें लड़कियों के फैशन से सीखनी चाहिए।



अगर नया लुक या नए स्टाइल की ड्रेस आ रही है तो उसको एक बार ट्राय करना चाहिए। इससे आप खुद को फैशन के मामले में आगे रख सकते हैं। खासकर अगर आप फैशन या ग्लैमरस दुनिया में करियर बनाने की सोच रहे हैं तो ऐसा जरूर करें।

जैसे- हम हमेशा से एक ही प्रकार की स्लीव वाली शर्ट पहनते आ रहे हैं। मगर अब कुछ नई स्टाइल की स्लीव वाली शर्ट आई हैं। अगर आप उस तरह की शर्ट को भी चाहें तो ट्राय करें। इस तरह की फैशन भी आपको पहचान दिलाने में मदद कर सकती है। खुद ही सोचिए कि इसमें शर्माने वाली बात क्या है।

क्या मेकअप लड़के करते हैं? क्या लड़कों को मेकअप करना चाहिए? आप मेकअप को लेकर ऐसे सवालों का जवाब सोच रहे होंगे। इसका एक ही जवाब है, हां, बिल्कुल कर सकते हैं। मेकअप केवल लड़कियों के लिए नहीं है। हम लड़के भी मेकअप कर सकते हैं।

काजल, बीबी क्रीम लगाने से लेकर आईब्रो बनाने तक, हमें भी इन चीजों को करना चाहिए।